वर्ष- 21 अंक - 279 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 26 मार्च 2026

## सीहोर में शादी के गुलाब जामुन से 100 बीमार

**सीहोर.एजेंसी।** सीहोर जिले के बावड़िया नोआबाद गांव में एक शादी समारोह में गुलाब जामुन खाने से 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। इन्हें उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

## खबर जरा हटके...

## बुलेट में पेट्रोल खत्म... घोड़े पर ऑफिस पहुंचा बैंककर्मी



**देवास ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश भर में मंगलवार शाम पेट्रोल को लेकर ऐसी अफवाह फैली की पम्पों पर लम्बी कतार लग गई। इन कतारों के कारण कई जरूरतमंद लोगों को भी पेट्रोल नहीं मिला। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक बैंक कर्मी का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जो देवास का बताया जा रहा है। राधागंज निवासी गोपाल ठाकुर पेट्रोल खत्म होने पर अपनी बुलेट को छोड़कर घोड़े पर सवार होकर ऑफिस पहुंचे। घर से करीब 3 किलोमीटर दूर बैंक में उन्हें समय पर डिजिटल हाजिरी लगाना थी इसलिए उन्होंने तुरंत घोड़े की सवारी की।

## ग्रामीणों ने धूमधाम से निकाली नंदी की अंतिम यात्रा



**खरगोन ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

खरगोन के ग्राम बड़ा पाडलिया में श्रद्धा और भावुकता के साथ एक नंदी की अंतिम यात्रा निकाली गई। बताया जा रहा है यह नंदी बीते 20 सालों से इसी गांव में घूमता था।



ग्रामीणों को जब नंदी के प्राण त्यागने की खबर मिली तो शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने धूमधाम से नंदी की अंतिम यात्रा निकाली। नरेंद्र राजपूत ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को पुष्प मालाओं से सजाया और उसमें नंदी के पार्थीव शरीर को रखा। इसके बाद ढोल और ताशों व साऊंड सिस्टम के साथ शुरू हुई यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गणगौर घाट पहुंची, यात्रा में ग्रामीण नाचते और झूमते हुए चले। गणगौर घाट पर गड्ढा खुदवाकर नंदी को समाधि दी गई।

# अब दूसरे राज्यों में भी पेट्रोल की कतार

**गुरुवार ● एजेंसी**

इंदौर सहित मध्यप्रदेश व गुजरात के कई इलाकों में दो दिन तक पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें लगी रहीं, लेकिन आज सुबह इंदौर में पेट्रोल पंपों पर यह कतार लगभग गायब हो गई और लोगों को आसानी से पेट्रोल मिलने लगा। मध्यप्रदेश, गुजरात के बाद अब उत्तरप्रदेश, असम, महाराष्ट्र हैदराबाद में भी पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की लंबी कतार लग गई। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज, गोंडा, सिद्धार्थनगर, हापुड़, देवरिया, महाराष्ट्र के सतारा, कोल्हापुर, सांगली, पुणे, जालना, वाशिम के अलावा हैदराबाद सहित कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। यही हाल चेन्नई में देखा गया।



# ईरान ने खोले भारत के लिए रास्ते

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट में फंसे भारत के जहाज अब आसानी से आ सकेंगे, जिसके कारण तेल और गैस भी भरपल्ले आ सकेगा। ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान के जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने के लिए हरी झंडी दे दी है। ईरान ने अमेरिका, इजराइल व अन्य दुश्मन देशों को इसकी इजाजत नहीं दी है।

### 41 देशों से खरीदारी कर रहा है भारत

भारत अब तेल और गैस के लिए सिर्फ खाड़ी देशों के भरोसे नहीं है। अब 41 देशों से तेल और गैस भारत आ रहा है।

## ईरान ने अमेरिका का लड़ाकू विमान मार गिराया

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान ने दावा किया है कि उसने एक अमेरिकी एफ-18 लड़ाकू विमान को निशाना बनाकर मार गिराया है। इससे पहले भी ईरान ने अमेरिकी एफ-15 जैसे लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया था, जिसे अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 'बेबुनियाद' बताया था।



## टक्कर के बाद बस में आग 14 लोग जिंदा जले

**अमरावती.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में आज सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। रायवरम के पास हरिकृष्णा ट्रेवल्स की एक प्राइवेट बस ने टिपर ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में तुरंत आग लग गई और बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस दुर्घटना में 14 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए।

## ट्रंप ने कहा– युद्ध को जल्द निपटाओ

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान से जंग कर पछता रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि वे इस युद्ध को जल्द निपटाएं, और भी काम हैं।

# मोदी फिर नंबर वन

**गुरुवार.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं। अमेरिकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी को 68 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सूची के टॉप-10 में जगह नहीं बना सके और उन्हें केवल 39 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पारमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग रहे, जिन्हें 62-62 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग प्राप्त हुई।

## कश्मीर में ईरान के नाम पर चंदा, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

**श्रीनगर.एजेंसी।** कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया जा रहा है, जिसे लेकर खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। करीब 17.91 करोड़ रुपये जकात और सदका के रूप में जुटाए गए हैं। एजेंसियों को आशंका है कि इस फंड का कुछ हिस्सा मिडिलमैन या संदिग्ध संगठनों के जरिए गलत दिशा में जा सकता है।

### सिलेंडर नहीं मिला तो थम गई शहनाई

**हापुड़.एजेंसी।** हापुड़ के बदनौली गांव में एलपीजी सिलेंडर की कमी के कारण शिवानी की 25 मार्च को होने वाली शादी टालनी पड़ी। हलवाईयों को गैस नहीं मिलने से कार्यक्रम रद्द कर 28 मार्च की नई तारीख तय की गई। परिवार ने जिला पूर्ति अधिकारी से मदद मांगी, जिसके बाद तीन सिलेंडर दिलाए गए और तीन और देने का आश्वासन दिया गया।

## नदी में गिरी बस, ईद मनाकर लौट रहे 23 की मौत, कई लापता

**ढाका ● एजेंसी**



बांग्लादेश में एक यात्री बस के नदी में गिरने से 23 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया टर्मिनल पर हुआ, जब बस नाव पर चढ़ने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से बस सीधे पद्मा नदी में जा गिरी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे। ये सभी लोग ईद की छुट्टियां मनाकर ढाका लौट रहे थे। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। जब बस नाव पर चढ़ने का प्रयास कर रही थी, तभी एक छोटी नाव (यूटिलिटी फेरी) ने पोंटून को टक्कर मार दी। इससे बस चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस सीधे नदी में गिर गई।

# ड्रेनेज और चेम्बर लाइन पर कब्जा करने वालों को दी जाएगी गुलाब की कली

### हाथ जोड़कर लगाई जाएगी गुहार, हटा लो कब्जा, पार्षद भी रहेंगे साथ, उन्हें भी दी पहली कली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 के वार्ड 72 के पार्षद से सच्चिदानन्द नगर के रहवासियों ने पूर्व में भी मुलाकात की थी और उन्हें बताया था कि क्षेत्र में ड्रेनेज चेम्बर और ड्रेनेज लाइन पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिए हैं, अब क्षेत्र के वरिष्ठ रहवासियों ने एक नई शुरूआत की है। पार्षद योगेश गेंदर को भी इस मामले में पहले आगाह किया गया था कि वे अतिक्रमण हटवाए, पार्षद ने भी वहां के लोगों से चर्चा कर जनहित में अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, अतिक्रमण नहीं हटे तो अब नई शुरूआत की जा रही है। जिन्होंने ड्रेनेज चेम्बर और लाइन पर कब्जे किए हैं उनके यहां पार्षद योगेश गेंदर और रहवासी पहुंचेंगे और गुलाब की कली देकर हाथ जोड़कर उनसे आग्रह करेंगे कि अपने अतिक्रमण हटा लें। इसकी शुरूआत रहवासियों ने पार्षद को कली देकर इसलिए की कि अतिक्रमण हटवाने में पार्षद भी उनके



साथ सहभागी बन रहे हैं वे अतिक्रमण को हटवाएंगे इसलिए उन्हें कली देकर शुरूआत की गई। अब कब्जाधारियों की बारी है। कई लोगों ने इन चेम्बर और लाइन पर ग्रीन बेल्ट बना लिए हैं, कई लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। इस मामले में निगम ने लोगों को सूचित भी किया था और 50 घरों को नोटिस भी जारी किए। इस कार्रवाई को करीब 20 दिन होने आए हैं, लेकिन किसी ने अपने अतिक्रमण नहीं हटाए हैं। इनमें कुछ प्रतिष्ठित परिवार भी है। कब्जा होने से सड़क भी दोनों ओर से छोटी हो गई है और बाहर रोड पर कारें खड़ी हो जाती है, कई बार निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी में आग की घटना भी होती है और सच्चिदानन्द नगर में आग की घटना हो गई तो फायर ब्रिगेड भी ठीक से अन्दर नहीं पहुंच पाएगा, इससे भी रहवासी चिंतित है। अब गुलाब की कली का सहारा है इसके बाद नया निर्णय लिया जाएगा।

## चितले को कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मप्र कांग्रेस कमेटी बेरोजगार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नेहा पालीवाल ने गिरीश चितले को बेरोजगार प्रकोष्ठ का इंदौर शहर अध्यक्ष नियुक्त किया। चितले कांग्रेस की राजनीति लम्बे समय से कर रहे हैं और शहर कांग्रेस में भी वे दायित्व निभा चुके हैं। कांग्रेस के धरना, प्रदर्शन, बैठक, जयंती, पुण्यतिथि आयोजन में भी गिरिश चितले लगातार पहुंचते हैं। इसी कारण अनुभवी चितले को यह जिम्मेदारी दी गई है। बेरोजगारों को किस तरह रोजगार दिलवाया जाए और बेरोजगारों के लिए शिविर भी आयोजित किए जाए इसकी जिम्मेदारी अब चितले निभाएंगे। इस नियुक्ति पर चिंटू चौकसे, अमन बजाज, सन्नी राजपाल, घनश्याम जोशी, संजय बाकलीवाल, देवेन्द्रसिंह यादव, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर, नितिश भारद्वाज सहित अन्य ने बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री की पहल से लगे स्वास्थ्य शिविर में मौजूद विधायक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के साथ इंदौर में भी संचालित संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने विशेष स्वास्थ्य शिविर के आयोजन 5 अस्पतालों में किए। जिसमें गैर संचारी रोगों से पीड़ित एवं संदिग्ध मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की गईं। 13 वाहनों के माध्यम से मरीजों के लाने ले जाने और भोजन की व्यवस्था भी की गई। विधायक महेन्द्र हार्डिया और गोलू शुक्ला भी अस्पताल पहुंचे थे और उन्होंने मरीजों से बात भी की। कलेक्टर शिवम वर्मा भी



स्वास्थ्य शिविर का जायजा लेने पहुंचे थे। अधिकारियों को अच्छी गुणवत्ता के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि इन शिविरों में कुल 3361 हितग्राहियों की जांच की गई। जांच के दौरान अनेक मरीजों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय एवं अन्य गंभीर रोगों की पहचान की गई। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपचार एवं औषधियां प्रदान की गईं। साथ ही 352 मरीजों को शल्य चिकित्सा एवं अन्य फॉलोअप के लिए चिन्हित किया गया है।



## भाजपा नेता ने किया पौधारोपण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर प्रदेश के मुख्यमत्री डॉ मोहन यादव एवं विधायक डॉ चिंतामन मालवीय के जन्मदिवस पर आनंदधाम कॉलोनी में पौधारोपण का आयोजन किया गया। भाजपा नेता सुनील पुरोहित, ललित यादव, राहुल धनगर, श्रीचंद पाल, संगीता पाल, सुदीप पाठक, जीतू साहू मौजूद थे।

## जल्द होंगे बचे हुए कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष और प्रभारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि बड़ी संख्या में मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है। बचे हुए कुछ विधानसभा के मंडलम अध्यक्ष और प्रभारी के अलावा महिला प्रभारी की नियुक्तियां जल्द कर दी जाएगी। 24 ब्लाक अध्यक्ष बना दिए गए हैं। अब ब्लॉक पदाधिकारी की नियुक्तियां भी जल्द की जाएगी, जिससे संगठन को मजबूत किया जा सके और इसके बाद बूथ कमेटियां का निर्माण किया जाएगा, इन सब कार्य को दो माह के अन्दर पूर्ण करने के बाद मंडलम स्तर पर भाजपा सरकार के खिलाफ धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन शुरू करवाए जाएंगे। इसकी मुख्य जवाबदारी ब्लॉक अध्यक्षों पर रहेगी।



## मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर भेंट किया गुलदस्ता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री निवास उज्जैन में कल डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन मनाया गया। विधायक गोलू शुक्ला ने भी पहुंचकर मुख्यमंत्री को बधाई दी और गुलदस्ता भी भेंट किया।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के तीन मंडल में प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ। अलग-अलग वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग सत्रों में मार्गदर्शन दिया। इस विधानसभा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर मंडल, राजमाता जीजाबाई मंडल, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें विधायक रमेश मेंदोला, मुन्नालाल यादव, हरिनारायण यादव, राजेंद्र राठौर, वीरेंद्र व्यास, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, भारत पारख, भूपेंद्र सिंह केसरी, वरुण पाल, मनोज मिश्रा, पूजा पाटीदार, विनीता धर्मेंद्र मौर्य, सीमा संजय चौधरी, श्रीकांत दुबे, कमल सिंह चौहान, पृथ्वी गोरे, रोहित चौधरी, महेंद्र चौधरी उपस्थित थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कृष्णमुरारी मोघे, रणवीरसिंह रावत, सुमित मिश्रा, डॉ. निशांत खरे, राजीव खंडेलवाल, जितेन्द्र सुराणा ने उद्बोधन दिए, आज समापन सत्र पर सुमित मिश्रा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मार्गदर्शन देंगे।

# कांग्रेस ने भी मांगा सेवादल के लिए विश्वविद्यालय सभागार

### संघ के शताब्दी वर्ष पर होने वाले कार्यक्रम में कराया था उपलब्ध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ ने कल 25 मार्च को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसकी स्वीकृति विश्वविद्यालय ने दी थी। इसी आधार पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई को पत्र लिखा और उन्हें बताया कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय शासकीय संस्था है और विश्वविद्यालय से संबंधित गतिविधियों के अतिरिक्त किसी भी राजनीतिक दल को विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्रय नहीं दिया जाना चाहिए, ना ही सभागार और संसाधन भी उपलब्ध कराना चाहिए। विश्वविद्यालय ने कल 25 मार्च को तक्षशिला परिसर खंडवा रोड पर संघ के कार्यक्रम की इजाजत दी। कांग्रेस ने कहा कि अब विश्वविद्यालय सभागार के लिए राजनीतिक दलों के लिए रास्ता प्रशस्त हो गया है, इसी आधार पर चिंटू चौकसे ने देवी अहिल्या सभागार शहर कांग्रेस सेवादल के होने वाले कार्यक्रम के लिए लेने की मांग की है और यह भी कहा कि बिना किसी आनाकानी के यह सभागार आप उपलब्ध कराएं। उल्लेखनीय है कि संघ शताब्दी वर्ष पर शतायु चिरायु नाटक का मंचन कल देवी अहिल्या सभागार तक्षशिला परिसर खंडवा रोड पर किया गया। महत्वपूर्ण बात यह थी कि आयोजक पत्रकारिता एवं जन संचार अध्ययनशाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खुद था। कार्यक्रम में कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे के अलावा प्रकाश शास्त्री, डॉ. निशांत खरे, डॉ. विकास दवे भी मौजूद थे। इस नाटक के निदेशक सतीश मुंगरे, सुनील मतकर और लेखक डॉ. सोनाली नरगुंदे थे। अभी इसी आधार पर कांग्रेस ने नया पेच कुलगुरु के सामने पत्र लिखकर रख दिया है।

# भाजपा ने शहर कांग्रेस में महिलाओं को नहीं लेने का मुद्दा प्रियंका गांधी को भेजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस आलाकमान ने इन्दौर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों की संख्या 51 तय की थी उसी आधार पर शहर कांग्रेस की इकाई बनाई गई। उसमें एक भी महिला पदाधिकारी नहीं बनाई गई। कांग्रेस में भी यह मुद्दा उठा था लेकिन अब भाजपा नगर अधय्क्ष सुमित मिश्रा ने इस मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को एक चिट्ठी लिखकर उन्हें ट्विटर पर भेजकर इन्दौर शहर कांग्रेस में महिला पदाधिकारी नहीं बनाने का मुद्दा बनाया। महिलाओं की उपेक्षा का मुद्दा अब भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर गरमा दिया है। प्रियंका गांधी को सुमित मिश्रा ने लिखी चिट्ठी में उन्होंने देवी अहिल्या का संदर्भ देते हुए इंदौर में कांग्रेस की 20 से ज्यादा नेत्रियों का नाम लिखते हुए कहा कि ये सब आपकी पार्टी का नेतृत्व कर सकती है पर इनमें से एक भी माता बहन को पदाधिकारी के लायक भी नहीं समझा गया। उन्होंने लिखा कि प्रियंका आपने-लड़की हूं लड़ सकती हूं-का नारा दिया पर दुख का विषय है कि आपके प्रदेश अध्यक्ष ने आपकी पार्टी से महिला शक्ति को ही हटा दिया और उस पर तुर्रा ये कि इंदौर में शहर अध्यक्ष और निगम में नेता प्रतिपक्ष का पद एक ही व्यक्ति के पास है। मिश्रा ने लिखा कि प्रियंका जी देश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व पर आपकी पार्टी चुप है इसलिए ये बीड़ा मुझे उठाना पड़ा। उन्होंने लिखा कि आपसे आग्रह है कि पार्टी में माताओं, बहनों के सम्मान का मान सुनिश्चित करें और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को निर्देशित करें कि वे शहर अध्यक्ष एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष दोनों पद पर बैठे व्यक्ति से किसी एक पद से इस्तीफा दिलवाकर योग्य और सक्षम मातृशक्ति को अवसर दे।आप चाहे तो इनमें से किसी भी पद पर पार्षद विनीतिका यादव की नियुक्ति करके महिला उपेक्षा के पाप का प्रायश्चित कर सकते हैं।

## भाजपा अध्यक्ष के बयान को झूठी बयानबाजी बताया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष और राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के प्रियंका गांधी को लिखे पत्र जिसमें शहर कांग्रेस द्वारा महिलाओं को जगह नहीं दी गई पर पलटवार किया। यादव ने मिश्रा से कहा कि झूठी बयानबाजी नहीं करे। मिश्रा के बयान को यादव ने पूरी तरह झूठ, भ्रम और राजनीतिक हताशा से भरा हुआ बताया। भाजपा को पहले आम जनता से माफी मांगना चाहिए कि लोकसभा और विधानसभा के बाद नगर निगम चुनाव में किए गए वादे पूरे नहीं हो रहे हैं, जनता पहले ही बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ते अपराध, बढ़ते टैक्स, निगम की पीली गैंग और अव्यवस्था से परेशान है। भाजपा इन सबसे लोगों का ध्यान हटाकर संगठित हो रही कांग्रेस पर बेवजह अटैक कर रही है। कांग्रेस में महिला संगठन पूरी तरह संचालित होता है। कई संगठनों में महिलाओं को जगह दी गई है, राजीव विकास केन्द्र में भी अभी महिलाओं को सम्मान पूर्वक पद में जगह दी गई है। भाजपा नाटक नहीं करे और सरकार है तो जनता के काम करें। भाजपा नगर अध्यक्ष को चाहिए कि वे अपने उन वरिष्ठ नेताओं को समझाइश दें, जो अपशब्द बोलते हैं। विधानसभा से लेकर मीडिया कर्मियों तक से गलत भाषा का इस्तमाल करते हैं, पहले उन्हें समझाइश दें और विकास के काम को गति दें।

# आज महाअष्टमी पर घरों की कुलदेवी का पूजन

***कन्याओं का पादपूजन और प्रसादी आयोजन, कल रामनवमी पर भी माता पूजन और प्रभु की होगी दोपहर आरती, माता मंदिरों पर आस्था की दरकार लेकर पहुंच रहे हैं श्रद्धालु***

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**चित्र कालका माता मंदिर भंडारी मिल रोड का है, जहां बड़ी कालका माता के दर्शन करने रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।**

इस चैत्र नवरात्रि की आज महाअष्टमी है और आज नवरात्रि का महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। आज अष्टमी पर घरों की कुलदेवी का पूजन घरों में किया जा रहा है। घर की कुलदेवी का पूजन कल नवमी पर भी होगा। वैसे तो कन्या पादपूजन नवरात्रि के पहले दिन से किया जा रहा है, लेकिन अष्टमी और नवमी पर कन्याओं के पादपूजन और उनके भोजन कराने की परम्परा प्राचीन है। आज सुबह से कन्याओं के पादपूजन और भोजन की मांग बढ़ी हुई थी। कन्याओं का इंतजार भी किया जा रहा था। आज सुबह से माता मंदिरों में भी जबर्दस्त भीड़ है। खासतौर से नौ देवियों वाली शक्तिपीठ बिजासन माता मंदिर पर कल रात के बाद आज सुबह से जबर्दस्त भीड़ थी। आज देर शाम से लेकर देर रात तक भी जबर्दस्त भीड़ मंदिर में रहेगी, यही स्थिति अन्नपूर्णा माता मंदिर की भी है। वहीं सभी माता मंदिरों पर आस्था की दरकार लेकर श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, माता के जयकारे भी लग रहे हैं। कुल मिलाकर नवरात्रि के आज आठवें दिन और कल नवें दिन भी घर की कुलदेवी और माताओं की पूजा आराधना दर्शन के क्रम चलेंगे। भगवान राम की नवमी कल मनाई जाएगी और कल दोपहर 12 बजे श्रीराम मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और शंखनाद के साथ भगवान श्रीराम महाप्रभु की आरती होगी और भगवान के जयकारे भी लगेंगे, आरती के बाद प्रसादी का वितरण भी होगा। राम मंदिरों में रंगरोगन, धुलाई और व्यवस्था का आयोजन किया जा रहा है।



## कांग्रेसियों ने किया ईद मिलन आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता सलीम शेख के निवास स्कीम नं. 71 पर ईद मिलन का आयोजन किया। कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव, राजेश जोशी, मुकेश बड़के, दिलीप राठौर, गोलू सिरसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ी बिजली की मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** फरवरी अंतिम सप्ताह की तुलना में मार्च के तीसरे सप्ताह में औद्योगिक उच्चदाब कनेक्शनों की बिजली खपत में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इंदौर व समीपी क्षेत्रों में यह बढ़ोत्तरी तुलनात्मक रूप से ढाई प्रतिशत से लेकर दस प्रतिशत तक रही। पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में दैनिक खपत औसतन रूप से 51 लाख यूनिट से बढ़कर 56 लाख हो गई है। इंदौर शहर में पच्चीस दिन पहले जो खपत 96 से 97 लाख यूनिट दैनिक थी, वह मार्च के तीसरे सप्ताह में अधिकतम 1 करोड़ आठ लाख यूनिट दर्ज हुई हैं। इंदौर शहर के पालदा, सांवेर रोड, पोलोग्राउंड इत्यादि औद्योगिक क्षेत्रों में खपत में बढ़ोत्तरी की स्थिति है। एमडी अनूपकुमार सिंह ने बताया कि बिजली कंपनी मांग के अनुरूप गुणवत्ता से बिजली आपूर्ति कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र की आपूर्ति पर कंपनी का विशेष ध्यान है। वर्तमान में कंपनी स्तर पर दैनिक कुल खपत साढ़े नौ करोड़ यूनिट से ज्यादा हैं।

## बायपास पर ट्रक में भड़की आग, दमकल कर्मियों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**इंदौर।** तेजाजी नगर बायपास स्थित कैलौद करताल के पास बीती रात एक खड़े ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि दमकल की टीम ने समय रहते मोर्चा संभाल लिया, जिससे पास खड़े अन्य ट्रक सुरक्षित बच गए.फायर ब्रिगेड को रात करीब 9 बजे आग की सूचना मिली थी, जिसके बाद एसआई संतोष दुबे के नेतृत्व में टीम को रवाना किया गया। करीब 2000 लीटर पानी की मदद से आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के समय ट्रक चालक मौके पर मौजूद नहीं था। आग की चपेट में आए ट्रक नंबर एसपी-5 ए 1278 के मालिक की पहचान किशनगंज निवासी हकीम पिता अब्बास के रूप में हुई।

# अधिवक्ता पार्किंग व्यवस्था को लेकर कलेक्टर से करेंगे मुलाकात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मामला पंजीयन कार्यालय में बढ़ रही भीड़ पर बेतरतीब वाहन लगने का**

पंजीयन कार्यालय अभिभाषक समिति के प्रमोद द्विवेदी, प्रकाश वर्मा, संजीव गवते, आंनद वाघमारे ने बताया कि पंजीयन कार्यालय में हमेशा ही भीड़ रहती है और अभी मार्च माह में और ज्यादा अतिरिक्त भीड़ है। वाहनों से लोग आते हैं और जगह नहीं मिलने पर बेतरतीब पार्किंग करते हैं। मोती तबेला उपपंजीयन कार्यालय में सबसे विकट स्थिति बनी हुई है। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन चल रहे हैं, इंदौर के चारों उपपंजीयक कार्यालय में भीड़ उमड़ने वाली है। परंतु अभी से पार्किंग समस्या मुंह बाए खड़ी है। बेतरतीब वाहन लगने और पार्किंग के लिए जगह कम पड़ने के मुद्दे पर पंजीयन कार्यालय अभिभाषक समिति के पदाधिकारी और अधिवक्ता सदस्य सोमवार 30 मार्च को कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात कर समस्या बताएंगे और समस्या को हल करने की मांग करेंगे। यह भी बताया जाएगा कि सबसे विकट स्थिति मोती तबेला उपपंजीयक कार्यालय में हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक का कार्यालय सेटेलाइट भवन में हैं और उपपंजीयक कार्यालय के गेट से लेकर आगे पार्किंग तक पुलिस विभाग की गाड़ियां बेतरतीब खड़ी रहती है। दिव्यांग, बीमार व्यक्तियों तथा सीनियर सिटीजन को रेप पर चढ़ाकर ले जाने, व्हील चेयर तक ले जाने की या एम्बुलेंस वाहन या अन्य वाहन ले जाने की जगह तक नहीं रहती, वहीं पार्किंग शुल्क से बचने खातिर आम लोगों व्दारा आसपास की गलियों में बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाते हैं। हालात यह है कि संकटमोचन हनुमान मंदिर की गली में स्थाई रूप से कतिपय लोगों ने चार पहिया वाहन खड़े किए हुए हैं तो कतिपय लोगों व्दारा बीच सड़क पर स्कूल के गेट तक खड़े किए जाते हैं। मोती तबेला उपपंजीयक कार्यालय में सड़कों पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। तो वहीं एम ओ जी लाईन दफ्तर में सड़कों पर वाहन खड़े करने पड़ते हैं और पुलिस चालान बनाती है परंतु मोती तबेला उपपंजीयक कार्यालय पर यातायात पुलिस नहीं आती। ढक्कनवाला कुआं पर भी हालत खराब है, तो मेदांता हॉस्पिटल वाले उपपंजीयक कार्यालय में सड़क जाम रहती है। पंजीयन कार्यालय से जुड़े अभिभाषकों का आरोप है कि विभाग प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्था करवा पाने में असफल हैं। पहले वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में एक चार के जवान तैनात किए जाते थे, अतिरिक्त व्यवस्था की जाती थी, सुरक्षा के उपाय किए जाते रहे हैं। प्रमोद द्विवेदी, प्रकाश वर्मा, संजीव गवते, आंनद वाघमारे ने बताया है कि अब सहनशक्ति से बाहर मामला हो चुका है। जनता राजस्व देने आ रही है अपमानित एवं परेशानी खरीदने नहीं, नो पार्किंग व्यवस्था सभी के लिए हो, पुलिस विभाग अपने वाहन सलीके से रखवा रेप आदि की जगह खाली रखें, सड़कों पर वाहन खड़े ना हो, आवागमन सुगम सुरक्षित सुलभ रहे, आदि मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर से मुलाकात करेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं होने से मचा हल्ला



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं होने के कारण हल्ला मच गया है। इसमें कुछ पंप तो ऐसे हैं जो की उस क्षेत्र के ग्रामीण नागरिकों के लिए एकमात्र केंद्र है। नागरिकों के द्वारा सोशल मीडिया पर जारी की गई जानकारी के अनुसार गवली पलासिया मह में भारत पेट्रोलियम पम्प चौपाल सागर पर एवं भागीरथ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं है। आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी पंप के यही हाल है। इस स्थिति के कारण ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन नागरिकों का कहना है कि जब प्रशासन यह दावा कर रहा है की पेट्रोल डीजल की कोई समस्या नहीं है तो फिर ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंप खाली पड़े हुए हैं ऐसे में इन पंपों पर पेट्रोल डीजल की व्यवस्था की जाना चाहिए। इन नागरिकों के द्वारा जिलाधिकारी से आग्रह किया गया है कि अतिशीघ्र पेट्रोल भेजनें की व्यवस्था करें। जिससे आम जनता को राहत मिल सकें। दूध वाले एवं खेतों पर जाने वाले किसान परेशान हो रहे हैं।



## पम्प पर आज स्थिति सामान्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। मंगलवार शाम को अफवाहों के बाद पेट्रोल पम्प पर जमकर भीड नजर आई। कल सुबह भी शहर के कई पम्पों पर कतार लगी हुई थी। हालाकि दोपहर बाद से स्थिति सामान्य होते नजर आई। आज सुबह से शहर के सभी पेट्रोल पम्पों पर सामान्य दिनों की तरह पेट्रोल मिल रहा है।

## कलेक्टर वर्मा ने स्थिति को सम्भालने के लिए तुरंत एक्शन लिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पेट्रोल-डीजल पम्पों पर बनी स्थिति को नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही। कलेक्टर शिवम वर्मा ने मंगलवार शाम से ही मामले का संज्ञान लेने के बाद तुरन्त एक्शन लेना शुरू कर दिया था। उन्होंने रातभर अधिकारियों को निर्देश दिए और स्थिति को सम्भाला। बताया जा रहा है कि शहर के ज्यादतर पम्पों पर पेट्रोल पहुंचाने के लिए अधिकारियों को अलसुबह से निर्देश देकर तैनात कर दिया था। जिन पम्पों पर लोड अधिक रहता है वहां एस्ट्रा टैंकर भेजने की व्यवस्था भी जिला प्रशासन ने की थी जिससे आमजनों को सुविधा हो।

कुल मिलाकर स्थिति को सामान्य करने में कलेक्टर शिवम वर्मा सहित जिला प्रशासन अधिकारियों की अहम भूमिका रही, क्योंकि कल भी पेट्रोल पम्पों पर कतार थी और हर पेट्रोल पम्पों पर बडी भीड होने के बावजूद पेट्रोल मिलता रहा। इसी कारण लोगों में विश्वास पैदा हुआ कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, उसी के परिणाम आज पेट्रोल पम्पों पर भीड सामान्य दिनों की तरह दिखाई दी।

## नालें की सफाई के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम द्वारा पहली बार नाले की सफाई के कार्य के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें हर अधिकारी को अलग-अलग क्षेत्र सौंप दिया गया है। अधिकारी को यह कहा गया है कि क्षेत्र को साफ करवाना आपकी जिम्मेदारी है। शहर के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक रहने वाले नाले को साफ करने के नाम पर एक बार फिर करोड़ों रुपए खर्च करने का काम हो गया है। नगर निगम द्वारा हर साल नाले को साफ करने का काम किया जाता है। दूसरी तरफ नगर निगम की ओर से यह भी दावा किया जाता है कि नाले में कोई ड्रेनेज का कनेक्शन नहीं है, नाले के पानी को ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से साफ किया जाता है, अब यदि इस पानी को इतना ही साफ किया जाता है तो फिर इसमें इतनी गंदगी कहां से आ जाती है। हर साल उसे साफ करने पर करोड़ों रुपए खर्च करना पड़ते हैं। इस समय कृष्णपुरा छत्री से लेकर पूरे नाले में जगह-जगह पर जेसीबी मशीन और पोकलेन मशीन उतर गई है, इन मशीनों के माध्यम से नाले से गंदगी निकालने का काम किया जा रहा है। यह काम अपनी गति के साथ चल रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर इस काम का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस वीडियो में बताया गया था कि एक तरफ नाले में से गंदगी निकाल रहे हैं और दूसरी तरफ नाले में नगर निगम के कर्मचारी ही ले जाकर कचरा डाल रहे हैं। वीडियो के वायरल होने से नगर निगम की बहुत किरकिरी हो गई थी। नगर निगम के द्वारा अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारी को देकर उनसे नाले को पूरी तरह से साफ करवाने के लिए कहा गया है। यह पहला मौका है जब अलग-अलग अधिकारी को अलग-अलग क्षेत्र के लिए पूरी तरह जिम्मेदार बना दिया गया है।

# अफवाहों की आंधी में थमे बाजार

## राजबाड़ा समेत प्रमुख बाजारों में पसरा सन्नाटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक युद्ध जैसे हालात की खबरों के बीच देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की संभावित किल्लत को लेकर फैली अफवाहों ने इंदौर के बाजारों की रफ्तार पर अचानक ब्रेक लगा दिया। कल शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र राजबाड़ा, सीतलामाता बाजार, कपड़ा मार्केट और बर्तन बाजार में दिनभर असामान्य सन्नाटा पसरा रहा। जहां आम दिनों में इन बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ती है, वहीं आज हालात बिल्कुल उलट नजर आए। दुकानों पर बैठे व्यापारी ग्राहकों की राह देखते रहे, लेकिन बाजारों की चहल-पहल जैसे कहीं गुम हो गई। अफवाहों के असर से उपजी अनिश्चितता और भय ने उपभोक्ताओं के कदम रोक दिए। अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त सचिव अक्षय जैन ने बताया कि 'काफी लंबे समय बाद राजबाड़ा सहित पूरे मध्य क्षेत्र के बाजारों में ग्राहकी इतनी कमजोर देखने को मिली। खासकर महिला खरीदारों की संख्या में भी स्पष्ट कमी रही, जो सामान्यतः इन बाजारों की रौनक का मुख्य आधार होती हैं।' व्यापारियों के मुताबिक, दिनभर बिक्री नगण्य रही और कई दुकानों पर तो बोनी तक नहीं हो सकी। जरूरी सामान की खरीद भी लोगों ने टाल दी, जिससे बाजारों की गतिविधियां लगभग ठहर सी गईं। अचानक पसरे इस सन्नाटे ने व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी हैरान कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की अपुष्ट खबरें न केवल जनमानस में भ्रम और भय का माहौल पैदा करती हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें।



# आम नागरिकों तक नहीं पहुंच रही 3आर मॉडल को अपनाने की प्रेरणा, रहवासी संघों की भागीदारी आवश्यक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम द्वारा 3 आर मॉडल को अपनाने की अपील लगातार की जा रही है इसके लिए साल 2017 में एशिया के देश का एक सम्मेलन इंदौर में आयोजित किया गया जिसके बाद पूरे मध्य प्रदेश में इंदौर ने 3 कांसेप्ट को अपनाने के लिए तेजी से काम किया और कबाड़ से कई अनूठी सौंदर्य कलाकृतियां भी बनाई जिससे शहर वासियों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि घर से जो सूखा और गीला कचरा कचरा गाड़ियों में दिया जा रहा है उसका पूरा उपयोग रीयूज करके घर के काम में उपयोग आने वाली वस्तुएं निर्मित की जाए। लेकिन लगातार यह देखने में आ रहा है कि केवल एनजीओ कचरे का घर की उपयोगी वस्तुएं बनाई जा रही है।**

### सस्ती वस्तुओं का दोबारा उपयोग नहीं होता

नगर निगम के साथ इसी क्षेत्र में काम करने वाले एक एनजीओ के सदस्य ने बताया कि अक्सर लोगों की सोच पुरानी वस्तुओं के उपयोग की नहीं रहती। लोग घरों में पुरानी वस्तुओं को नहीं रखना चाहते, वर्तमान में उसे यूज एंड थ्रो को फॉलो किया जा रहा है क्योंकि निर्माता कंपनियां भी अपना सामान तेजी से बाजार में बेचना चाहती हैं इसीलिए रियूज़ को अपनाना लोग पसंद नहीं करते, पहले वस्तुएं महंगी हुआ करती थी इसीलिए बाल पेन भी कई सालों तक चल जाया करते थे।

**एनजीओ और आर्ट के क्षेत्र में काम करने वाले लोग ही कर रहे 3आर मॉडल तैयार**

### 8 साल में नहीं आई जागरूकता

इंदौर नगर निगम वस्तुओं के रीयूज के लिए काम कर रहा है, पुराने कपड़े, किताब, फर्नीचर जैसी वस्तुएं लोग कबाड़ी को देते हैं। निशुल्क या फ्री में बेकार की वस्तुएं भी देने से लोग कतराते हैं। हमारा प्रयास रहता है कि लोगों को यह बताएं जाए कि वह पुरानी वस्तुओं को देकर किसी के लिए उपयोगी बना सकते हैं. लेकिन सच्चाई यह है कि लोगों में रियूज़ की प्रवृत्ति कम है, जहां तक आर्ट का सवाल है उसको बनाने के लिए प्रशिक्षण लेना होता है या फिर वही व्यक्ति पुरानी वस्तुओं को घर से बाहर नहीं जाने देता जिसका आर्ट के प्रति रुचि है। आमतौर पर लोग घर से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में डाल रहे हैं।

### कचरे की मात्रा नहीं हो रही कम

बीते सालों में सूखे कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी हुई। अगर इस सिद्धांत को पूर्णता अपनाया जाता है तो कचरे की मात्रा में गिरावट दर्ज होनी चाहिए थी, लेकिन यह लगातार बढ़ रही है, जमीनी तौर पर 3 आर कांसेप्ट को अपनाने के लिए रहवासी संघो को आगे आना होगा। कचरे की मात्रा कम करने के लिए अलग-अलग उपाय किए जा सकते हैं इसके लिए नागरिकों को यह संकल्प लेना होगा कि वह स्वयं कचरा कम करना चाहते हैं इसके लिए वह खुद प्रयास करेंगे।

### टायर के गमले बनाएं लेकिन खर्च कम नहीं हुआ

इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौक से नए सवाल उठाए हैं उन्होंने कहा है कि नगर निगम सालों से टायर के गमले बना रहा है लेकिन निगम के उद्यान विभाग में ही गमले की हर साल बड़ी संख्या में खरीदी हो रही है इसके लिए लाखों खर्च किए जा रहे हैं, इसी तरह अन्य वस्तुओं पर भी 3 का सिद्धांत लागू होना चाहिए और नगर निगम का खर्च भी कम।

### अनुपयोगी वस्तुएं जरूरतमंदों के काम आए हमारा उद्देश्य

वही स्वच्छता प्रदर्शनी के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इस क्षेत्र में अभी लगातार काम करने की जरूरत है लोग सस्ती वस्तुओं को उसे एंड थ्रो करते हैं लेकिन महंगी वस्तुओं का उपयोग सालों तक करते हैं हमारा उद्देश्य गरीबों को बेकार हो चुकी वस्तुओं को अपना उपयोगी बनाकर निशुल्क दिया जाए इस पर नगर निगम कम कर रहा है।

# दशहरा मैदान पर होगा मुख्यमंत्री का संकल्प से समाधान अभियान

## डॉ. मोहन यादव द्वारा नर्मदा पेयजल योजना के कामों का किया जाएगा भूमि पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की 29 मार्च को प्रस्तावित इंदौर यात्रा में दशहरा मैदान पर संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जाएगा। यहीं पर मुख्यमंत्री के द्वारा नर्मदा पेयजल योजना के कामों का भूमि पूजन भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की 29 मार्च को होने वाली इंदौर की यात्रा के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने का काम तेज गति के साथ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले दशहरा मैदान पर होगा। इंदौर नगर निगम के द्वारा इन दिनों सभी वार्ड और जोनल कार्यालय के क्षेत्र में संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना जाता है और वहीं पर उनका समाधान किया जाता है। इसी तरह का शिविर 29 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे।

इंदौर नगर निगम के इस कार्यक्रम में ही मुख्यमंत्री के द्वारा नर्मदा पेयजल योजना के अंतर्गत अमृत 2.0 में मंजूर किए गए पानी के तीन पैकेज के कार्यों का भूमि पूजन भी किया जाएगा। यह कार्य करीब 1600 करोड रुपए के हैं। इसके अंतर्गत शहर में पानी की 40 टंकी बनाई जाएगी और कई क्षेत्रों में जल वितरण की लाइन डालने का काम भी किया जाएगा। इसके साथ ही जलूद से लेकर इंदौर तक भी पानी की नई लाइन डाली जाएगी। मुख्यमंत्री की इंदौर की यात्रा के कार्यक्रम का यह मुख्य कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के लिए ही मुख्यमंत्री के द्वारा इंदौर को वक्त दिया गया है।

### निगम और संगठन ने शुरू की तैयारी

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए इंदौर नगर निगम के द्वारा कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही भाजपा संगठन भी सक्रिय हो गया है। संगठन के द्वारा भी काम की तैयारी तेज गति से की जा रही है। यह कोशिश की जा रही है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शहर के नागरिक भाग लें।

# चंदननगर के लोगों में भड़का आक्रोश



### निगम ने थमाए सड़क चौड़ी करने के नोटिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इंदौर नगर निगम के द्वारा सड़क को चौड़ा करने के लिए दिए गए नोटिस के कारण चंदननगर के लोगों में आक्रोश भड़क गया है। पहले भी आंदोलन कर चुके यह नागरिक एक बार फिर आंदोलन की राह पर जाने की तरफ है।**

नगर निगम के द्वारा चंदन नगर से लेकर कॉलोनी नगर तक सड़क के निर्माण की योजना है। इसके लिए निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर उसे मंजूर कर दिया गया है। राज्य सरकार के द्वारा भी इस प्रस्ताव पर लोगों से दावे आपत्ति बुलाकर उनकी सुनवाई करने के पश्चात इस सड़क को मास्टर प्लान की सड़क के रूप में चिन्हित कर दिया गया है। इस बारे में सरकार के द्वारा नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इस नोटिफिकेशन के जारी होने के साथ ही यह सड़क अब मास्टर प्लान की सड़क हो गई है। इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा नोटिस जारी करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। नोटिस जारी करने के पूर्व नगर निगम की ओर से सड़क की सेंटर लाइन के हिसाब से निशान लगाने का काम भी कर दिया गया है। इसके अनुसार चंदन नगर के बहुत सारे मकान पूरे ही इस सड़क के निर्माण में टूट जाएंगे। इसके साथ ही शेष मकान का भी बड़ा हिस्सा सड़क में चला जाएगा। इस स्थिति को देखते हुए निगम के द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद चंदन नगर के नागरिकों में गुस्सा भड़क गया है।

क्षेत्र के पार्षद रफीक खान ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के द्वारा पहले भी सड़क की चौड़ाई को कम करने की मांग को लेकर आंदोलन किया गया था। उस समय नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा इन नागरिकों की आवाज को नहीं सुना गया। अब एक बार फिर नागरिक आंदोलन की राह पर आगे बढ़ाने की तरफ है। आने वाले समय में नागरिकों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगे की रणनीति बनाई जाएगी और उसके अनुसार ही कार्य किया जाएगा।

**महापौर की रुचि की सड़क-** इस सड़क को महापौर की रुचि वाली सड़क के रूप में पहचाना जाता है। महापौर के द्वारा ही इस सड़क के निर्माण की योजना तैयार करवाई गई और अब इस सड़क के कार्य को क्रियान्वित करने की राह में आगे का काम भी करवाया जा रहा है। निगम के अधिकारियों को इस सड़क के लिए किए गए काम की हर दिन रिपोर्ट देना पड़ रही है।




# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी...भक्त ही सजाएंगे अलीजा का दरबार

## बाहर से नहीं बुलाए कलाकार, पांच दिनों तक होगा अलग-अलग श्रृंगार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी में 300 से अधिक अलीजा के भक्त जुटे है। खास बात यह है कि पांचों दिन अलग-अलग श्रृंगार होंगे जिसके लिए सजावट भक्त ही कर रहे है।**

आमतौर पर मंदिरों में उत्सव के दौरान विशेष सजावट के लिए बाहर से कलाकार बुलाए जाते है, लेकिन वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर पांच दिवसीय उत्सव के लिए अलग-अलग श्रृंगार के लिए भक्तगण ही जुटे है। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि हनुमान को चोला और श्रृंगार उनके द्वारा किया जाएगा। वहीं गर्भगृह की सजावट भक्तों द्वारा की जा रही है। पांच दिवसीय उत्सव में रोजाना अलग-अलग श्रृंगार होंगे। 29 मार्च को ध्वज पूजन वाले दिन रामनाम की ध्वजा लेकर अलीजा नजर आएंगे। वहीं दीपोत्सव वाले दिन दीप हाथ में लिए भक्तों को वीर अलीजा दर्शन देंगे। इसके अलावा हनुमान जन्मोत्सव पर स्वर्ण चोले का श्रृंगार होगा। 1 अप्रैल को प्रभातफेरी में जिस रथ पर सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देने प्रभु वीर अलीजा निकलेंगे उसे 11 तरह के फूलों से सजाया जाएगा। रथ को उडिसा और इन्दौर के कारीगर अंतिम रूप दे रहे है। अलीजा बाबा दरबार 11 तरह के फूलों से सजे साढ़े चार मीटर ऊंचे रथ पर आरुढ़ होकर पश्चिमी क्षेत्र और मध्य क्षेत्र में भक्तों को दर्शन देंगे। प्रभातफेरी में भगवान और श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा भी होगी।



## माहेश्वरी थोक का सम्मान और सम्मेलन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री माहेश्वरी मेड़ता थोक के सचिव बलदेवदास जाजू ने बताया कि थोक का वार्षिक स्नेह सम्मेलन और सम्मान का आयोजन किया गया। गोविंद कांता जाजू, विजयनारायण सावित्री झंवर का सम्मान किया गया। शैक्षणिक उपलब्धि पर डॉ. नेहल संजय बलदवा और योगाचार्य सुरेशचंद बजाज का भी सम्मान हुआ। इस अवसर पर बनवारी लखोटिया अतिथि थे। सम्पत झंवर, बलदेवदास जाजू, संगीता बलदवा, प्राची राठी, गोविंद पटवा, ओमप्रकाश बजाज, लक्ष्मीरनारायण राठी, सुरेश मंत्री, नरेन्द्र मंत्री, गोविंद राठी, प्रदीप माहेश्वरी, मदन बंग, रंजन जाजू ने अपनी भूमिका निभाई।





## राठौड़ सैकंड रनरअप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर की बहू दीपकुंवर राठौड़ ने दिल्ली में आयोजित ग्लोबल आईकन मिस क्रिसमेटिक सोल 2026 का मिसेस इंडिया ग्लोबल आईकॉन 2026 का टाइटल अपने नाम किया। अलग-अलग व्यक्तित्व के आधार पर दीपकुंवर राठौड़ का चयन हुआ और सेकंड रनरअप घोषित किया गया। इंदौर से दो और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें डॉ. मनीषा भटनागर जिन्होंने मिसेज मध्यप्रदेश का खिताब जीता और सोशल डिम्पल शर्मा जिन्होंने दूसरा खिताब जिता।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर सहित प्रदेश के कई प्रमुख जिलों में 29 मार्च को श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन का आयोजन करेंगे। एक ही परिचय पुस्तिका से यह सम्मेलन होगा। 2 हजार प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है। इंदौर में शुभकारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा पर इस रविवार सुबह 10 बजे से आयोजन होगा। आयोजन से दीपक शर्मा, अनिल शर्मा, संजय जारोलिया, पप्पू शर्मा, भगवती शर्मा, देवेन्द्र शर्मा जुड़े हुए हैं। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहेंगे।

## अग्रवाल महिलाओं के लिए कल दोपहर मस्ती धमाल आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में कल दोपहर 3.30 बजे से बिजनेस पार्क माणिकबाग रोड पर मस्ती धमाल का आयोजन सखियों के लिए रखा है। पहले उन्हें संतुलित आहार के लिए जानकारी दी जाएगी। फिर मौज मस्ती के आयोजन में तम्बोला और मस्ती भरे आयोजन होंगे। 100 से अधिक सखियां मौजूद रहेंगी।

## गोयल को फिर जिम्मेदारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जायंट्स इंटरनेशनल की सेन्ट्रल कमेटी में इंदौर के श्याम गोयल को पुनः सदस्य चयनीत किया है। इस नियुक्ति पर कई लोगों ने बधाई भी दी है।




## धर्मप्रांतीय कैथोलिक सभा की साधारण सभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धर्मप्रांतीय कैथोलिक सभा की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन में चर्च अध्यक्ष मौजूद रहे। मार्शल परेरा, बीए अलवारिस, मीना कुशवाहा, विक्टर सालोमन मौजूद थे।

## जिंदल और सिंघल पदाधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

अग्रसेन महासभा के चुनाव में राजेश जिंदल अध्यक्ष, अनूप सिंघल सचिव, अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष, त्रिलोकचंद अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अजय कैलाशचंद सहसचिव, कार्यकारिणी में अजय अग्रवाल, अनिल गर्ग, आशीष अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विनोद नागोरी, संजय अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, विकास गोयल चुने गए। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, राजेश बंसल, राजेश चौधरी ने बधाई भी दी है।





## पंचकल्याणक के लिए पात्रों का चयन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिजासन रोड स्थित दलालबाग में 3 से 9 अप्रैल श्री जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव के लिए पात्रों का चयन आदिनाथ जिनालय के ऋषभ सभा गृह में किया गया। यह आयोजन चंदाप्रभु जिनालय मल्हारगंज के तत्वावधान में होना है, जिसकी तैयारी शुरू हो गई है।



## माँ शीतला को लगाया छप्पन भोग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दशहरा मैदान पानी की टंकी के पास स्थित माँ शीतला के मंदिर पर माता का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए और आरती भी की गई। प्रेमनारायण वेद ने उक्त जानकारी दी।




## सेवानिवृत्त शिक्षक पाल का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर रत्न अलंकरण सम्माारोह में पूर्व शिक्षक जगदेव पाल का सम्मान किया गया।

## हनुमानजी के मंदिर पर कल राम जन्मोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग में कल 27 मार्च को राम नवमी पर दोपहर 12 बजे भगवान राम की महाआरती होगी। मंदिर में रोजाना माताजी का विशेष शृंगार भी नवरात्रि में हो रहा है। उक्त जानकारी महंत मंगलदास महाराज खाकी ने दी।

## नमस्ते योजना में सफाई मित्रों का प्रशिक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, भारत सरकार द्वारा संचालित तथा नगरीय आवास एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश के माध्यम से कार्यान्वित ' नमस्ते योजना ' के अंतर्गत नगर निगम इंदौर के सहयोग से सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों के लिए 5 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में योजना के अंतर्गत पंजीकृत सफाई मित्रों की प्रोफाइलिंग के उपरांत उन्हें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से सफाई कार्य करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त प्रखरसिंह, आशीष पाठक भी मौजूद रहे। मैनुअल सफाई पर प्रतिबंध, मैकेनाइज्ड क्लीनिंग के सुरक्षित एवं आधुनिक तरीकों तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पीपीई किट के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी जा रही है।





## आशीष हिन्दूजा सिंधू सेना में बने प्रदेश महामंत्री

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिंधू सेना की युवा शाखा में आशीष हिन्दूजा को प्रदेश महामंत्री बनाया गया। सिंधी भाषा को आगे बढ़ाना, विकास करना और सिन्धी संस्कृति और सभ्यता का प्रचार व प्रसार कर अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई। सिंधी समाजजनों ने आशीष हिन्दूजा को बधाई दी है।



## भाईपा संघ ने की बड़माताजी की महाआरती

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लोढ़ा भाईपा संघ द्वारा लोढ़ा कुलदेवी श्री बड़माताजी की महाआरती का आयोजन स्कीम 71 गार्डन में किया गया। गरबा, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण किया गया, 108 थालियों से महाआरती की गई। अनिल लोढ़ा, आराधना जैन लोढ़ा, राजकुमार लोढ़ा, महेश डाकोलिया, विशाखा लोढ़ा, रूपाली लोढ़ा, अंशी लोढ़ा, मोनिका कर्नावट, प्रेमचंद लोढ़ा, भागचंद लोढ़ा, शांतिलाल लोढ़ा, ऐश्वर्या जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

## म्यूजिकल ग्रुप ने किया मातृशक्ति सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिरुपति म्यूजिकल ग्रुप की संचालिका लीना श्रीवास ने बताया कि पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नृत्य,पारंपरिक गीत की प्रतियोगिता आयोजित की गई। सम्मान का आयोजन भी हुआ। अतिथि आकाश विजयवर्गीय, रेखा पण्डित, जीतू केडिया का सम्मान लीना श्रीवास ने किया। विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। अर्पिता जैन, दीपिका शर्मा ने विशेष प्रस्तुतियां दी। घनश्याम मित्तल, राजेश दुबे, विभा दुबे, शर्मिला दुबे,मनीष




दुबे, स्नेहा गंदे, कोमल कर्मा, हितेंद्र चौहान, जया शेट्टी, शकील मंसूरी,गणपत कुशवाह, कुशाग्र श्रीवास, निशाग श्रीवास ने अपनी भूमिका निभाई।

## 351 कन्याओं के कल पादपूजन पर मौजूद रहेंगे अग्र बंधु

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बाबाश्री पारमार्थिक ट्रस्ट के जगदीश गोयल ने बताया कि कल 27 मार्च नवरात्रि की नवमी और राम नवमी पर कल शाम 4 बजे बाबाश्री रिसोर्ट छोटा बांगड़दा 351 कन्याओं का पादपूजन किया जाएगा उन्हें उपहार भी दिए जाएंगे, सरकारी स्कूल के अध्यापकों का सम्मान भी होगा। इन सभी बच्चों के लिए खेलकूद, मनोरंजन की गतिविधियों के अलावा उनके लिए पेटपूजन के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। शाम को शिक्षक सम्मान और कन्याओं का नाट्य मंचन भी होगा। कन्याओं के पूजन के बाद उनकी विदाई भी की जाएगी। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन एवं द्वारका प्रसाद गोयल, रामेश्वर दयाल, केदारनाथ गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## श्रीराम रथयात्रा कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रीराम नवमी पर श्रीराम रथ यात्रा 27 मार्च को शाम 4 बजे से पंचकुईया श्री राम मंदिर आश्रम से निकाली जाएगी। भगवान रामलला के रथ को श्रृंगारित किया जाएगा, झांकियां भी रहेगी, भजन गायक प्रस्तुति देंगे, युवा भगवा ध्वज लेकर चलेंगे।



## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। म.प्र.शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रांतीय आव्हान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। प्रदेशभर में 2 लाख शिक्षक और उनके परिवार का भविष्य देखते हुए सरकार को विचार कर अतिशीघ्र पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए। मनीष कदम, आलोक परमार, सुनीता सिंह, सविता द्विवेदी, नीता आचार्य, रेखा श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, नवीन गौड, राजेश वर्मा, के.के.आर्य, अमरीश शर्मा,



रामबाबू सिंह ठाकुर, राजेश परमार, राजकुमार ठाकुर, मुकेश मीणा, भगवत दरबार, मुरलीधर शर्मा, थानसिंह चौहान, अनिल मकवाना, ममता पटेल, कैलाश कमलोदिया, अतुल पुरोहित, संजय आंजना, अरबली पटेल, शिवराज सिंह वर्मा, अनिल माथुर, संतोष राठौर, सुरेश जयपाल, मुकेश चौहान, रणजीत सिंह बघेल, लाखन मकवाना, अरविंद वर्मा, घनश्याम यादव, प्रदीप मौजूद थे।

## दिगम्बर-श्वेताम्बर जैन समाज का एक साथ जुलूस निकलेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन समाज राजेन्द्र नगर द्वारा महावीर जन्मकल्याणक की पूर्व संध्या पर मंदिर में पॉलना गीत गाएंगे और नृत्यगान



करेंगे। महावीर जयंती पर दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज का संयुक्त जुलूस भी भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ निकाला जाएगा। इस जुलूस के लिए दीपक पाटनी को संयोजक मनोनीत किया गया है। भगवान का क्षेत्र में पालकी में नगर भ्रमण भी होगा। यह संयुक्त जुलूस परम्परागत है। कई तरह के संदेश जुलूस में दिए जाएंगे।

## कल आर्य समाज मंदिर में विशेष यज्ञ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल रामनवमी पर आर्य समाज मंदिर महू में प्रातः साढ़े आठ विशेष यज्ञ का आयोजन किया है। महू नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे।

## संगीत सरिता का गीत-संगीत आयोजन




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गीत संगीत को समर्पित संस्था 'संगीत सरिता' का वार्षिकोत्सव 'प्रयास' शीर्षक से अभिनव कला मंच पर गीत-संगीत के साथ हुआ। हर्ष मेहता, श्याम जोशी, राजू छाबड़ा, लोकेश अग्रवाल, हर्ष मेहता, क्षितिज भास्कर, विवेक फलटणकर, अश्विनी व्यास, दीपक शर्मा, अभिनव दवे, विनोद नागर, किरण सारंग पाणी, सुलेखा धमारिकार, अरुणा व्यास, वंदना नागर, ममता ठाकुर, साक्षी मेहता, श्रद्धा नागर ने अपनी भूमिका निभाई।

## 'सिल्क इंडिया' प्रदर्शनी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बास्केटबाल काम्पलेक्स में 'सिल्क इंडिया' प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जो 31 मार्च तक जारी रहेगा।

## गद्यकार उषादेवी मित्रा को किया याद'

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कालजयी साहित्यकार पुण्य स्मरण एवं पोस्टर विमोचन के आयोजन में साहित्यकार उषा देवी मित्रा के लेखन व रचनात्मकता पर याद किया गया। डॉ. श्वेता सिंह का सम्मान किया गया। पदमा सिंह, अरविंद जवलेकर ने बताया कि कवि दिनेश तिवारी उपवन, दिनेश दवे,रवि खंडेलवाल, दीप्ति गुप्ता, तृप्ति शाह, डॉ. अर्पण जैन, डॉ. अंकित स्वर्णकार, अनिल ओझा, राम आसरे पाण्डे, दिलीप नीमा, तृप्ति शाह, राजनन्दिनी, अतुल देशमुख ने प्रस्तुतियां दी।

## 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का आयोजन कल से

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बिजासन रोड नरसिंह वाटिका में 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का आयोजन कल 27 से 29 मार्च तीन दिनों तक किया जाएगा। मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज का सानिध्य मिलेगा। रोजाना सुबह 5:15 से 7:30 बजे तक चलने वाला यह कार्यक्रम मंत्र और अक्षरों के मिलन के माध्यम से आत्म-साधना की एक गहन यात्रा है। शिविर में मंत्र साधना एवं ध्यान के सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहाँ सुबह और शाम साधक सामूहिक साधना और मंगलाचरण में सहभागी बनेंगे। मुनि श्री के नीति प्रवचनों के साथ-साथ 'श्रुत-समाधान' के अंतर्गत जीवन के जटिल से जटिल प्रश्नों का अत्यंत सरल और तार्किक समाधान भी प्रस्तुत किया जाएगा। युवाओं के लिए इस शिविर में विशेष सत्र रखे गए हैं, जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों, करियर के दबाव, टूटते रिश्तों और समग्र आत्म - विकास पर केंद्रित होंगे। मुनि श्री के सानिध्य में यह तीन दिन की आध्यात्मिक यात्रा इंदौरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय और जीवन-परिवर्तक अनुभव सिद्ध होगी।




## इंदौर रत्न अलंकरण सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर रत्न अलंकरण सम्मान से सम्मानित लोगों ने सरिता साकल्ले, जितेन्द्र राज को भी सम्मानित किया।

## सांई भक्तों ने किया खिचड़ी प्रसाद का वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देवी अहिल्या साईं सोशल भक्त मंडल ने मंदिर और अस्पतालों में खिचडी प्रसाद का वितरण कराया। दो सप्ताह से सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अब कल रामनवमी को मल्हारगंज से रथ और पालकी यात्रा निकालने की तैयारियां शुरू कर दी है। कोठारी मार्केट सांई मंदिर पर कल भंडारा भी होगा।



# शासकीय कन्या स्कूल में पहली बार मिलेगी मार्शल आर्ट की प्रेक्टिस और कुराश वेट लिफ्टिंग शेड की सुविधा

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूल में 70 लाख से ज्यादा खर्चकर होंगे कई काम एक साथ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय संख्या 5 में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत विद्यालय की छात्राओं के लिए पहली बार मार्शल आर्ट खेलों की प्रेक्टिस के लिए विद्यालय भवन में कई तरह की सुविधा देने की तैयारी शुरू हो गई है।जिसके तहत कुराश वेट लिफ्टिंग के छाया निर्माण और मार्शल आर्ट खेलों की प्रैक्टिस के लिए स्कूल भवन की छत पर नवीन शेड का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा कई अन्य आवश्यक सिविल कार्य भी किए जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निगम द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन की मांग पर



निविदा जारी कर दी है।

साथ ही आने वाले दिनों में बेहद जल्द काम भी शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत निगम यहां शासकीय विद्यालय भवन में लगभग 71 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर खेलों को बढ़ाने के उद्देश से कई काम एक साथ शुरू करेगा।

### खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हो रहे स्कूलों में कई निर्माण

वहीं खास बात यह है कि एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां ने बताया कि नगर निगम खेलो को महत्व देते हुए सरकारी स्कूलों में शिक्षा के साथ बच्चों के लिए पारंपरिक खेलों को खेलने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भी कई काम करवा रहा है। जिसके तहत कहीं मैदान सुधारने से लेकर वहां खेलों को व्यवस्थित तरीके से खेलने के लिए अलग अलग खेलों के लिए कोर्ट बना रहा है। वहीं पहली बार कन्या विद्यालय में मार्शल आर्ट जैसे पारंपरिक खेल और कुराश वेट लिफ्टिंग प्रेक्टिश के लिए शेड का निर्माण भी कर रहा है। यह सभी काम विद्यालय भवन की प्रथम मंजिल पर स्टील की संरचना बनाकर छात्राओं के लिए प्रेक्टिस की सुविधा और खेलने की व्यवस्था करने के लिए आने वाले दिनों में लाखों रुपए खर्च करेगा।



# पटेल स्टैचू के पास अब नहीं लगेगा जाम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सरदार वल्लभभाई पटेल स्टैचू चौराहे के पास सालों पुरानी लोहे की रैलिंग हटाकर लंबे समय से ट्रैफिक में बाधक रोटरी हटाकर अब यहां मजबूत सीमेंट की पहले से छोटी पक्की रोटरी बनाकर निगम यहां सौंदर्यकरण के कार्य भी करवा रहा है। इसके अलावा यहां आस-पास के रहवासियों के लिए प्रतिमा के पास छोटे से बगीचे का निर्माण भी किया जा रहा है। जहां आसपास के रहवासियों के लिए प्रतिमा के आसपास चारों तरफ वाकिंग ट्रेक का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही कुछ हिस्से में बगीचा भी बनाया जा रहा है। जहां हरियाली कर बड़ी संख्या में पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा इस नवनिर्मित बगीचे में रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी।

# माइनिंग इंस्पेक्टर के 85 पदों के इंटरव्यू के लिए लंबा इंतजार नहीं करवाएगा पीएससी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एमपी पीएससी अभ्यर्थियों को माइनिंग इंस्पेक्टर के 85 पदों के इंटरव्यू के लिए लंबा इंतजार नहीं करवाएगा। अप्रैल या मई में ही इंटरव्यू हो जाएंगे। चयन सूची भी इंटरव्यू के दो हफ्ते के भीतर जारी कर दी जाएगी। बड़ी बात यह है कि महज 11 पद इस एग्जाम में थे लेकिन एमपी पीएससी ने फरवरी माह में ही 74 नए पद जोड़कर अभ्यर्थियों को बड़ी सौगात दी। ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में होने के कारण पदों के बंटवारे के तहत 87 प्रतिशत हिस्से यानी मुख्य भाग में शामिल 74 पदों के लिए भी 220 के बजाय सिर्फ 123 अभ्यर्थी इंटरव्यू के चयनित हुए थे। बाकी योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल पाए। जबकि 13 फीसदी हिस्से में शामिल 11 पदों पर जीरो योग्य अभ्यर्थी है। सामान्य तौर पर तीन गुना अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है।

**अप्रैल, मई में ही होंगे, जल्द घोषित होगी तारीख**

### ये है पदों का बंटवारा

मुख्य भाग के 74 पदों के लिए जो इंटरव्यू होना हैं, उनमें जनरल कैटेगरी में 22, एससी 14, एसटी 17 और ओबीसी के 12 पद हैं। ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 9 पद हैं।

### कब आई वेकेंसी, कितने आवेदन?

2025 मार्च में ही खनिज एवं संसाधन विभाग में माइनिंग इंस्पेक्टर के पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 2 मई से 1 जून तक पूरी की गई थी। पीएससी ने माइनिंग इंस्पेक्टर के रिजल्ट से ठीक 24 घंटे पहले पदों में भारी इजाफा करते हुए 11 से सीधे 85 कर दिए। इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए किसी भी अभ्यर्थी को बीएससी (भूविज्ञान के साथ विज्ञान) की स्नातक डिग्री अनिवार्य चाहिए होती है।

### इन एग्जाम के इंटरव्यू भी हैं वेटिंग में

असिस्टेंट मैनेजर, टाउन प्लानर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य परीक्षाओं के इंटरव्यू अभी वेटिंग में हैं। वहीं मेडिकल ऑफिसर भर्ती के 1832 पदों के इंटरव्यू भी चल रहे हैं। ये अप्रैल तक चलेंगे। इस बीच में कई छोटी परीक्षाओं के इंटरव्यू की तारीखें भी दी गई हैं, लेकिन 100 से ज्यादा पदों वाले इंटरव्यू के लिए मई-जून तक की वेटिंग हो सकती है।

# आठ तारीखें बीती, नौवीं का इंतजार सवाल कायम, अनुमति मिलेगी या नहीं

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मध्य लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा की राज्य परीक्षा-2025 के प्री एग्जाम परिणाम के खिलाफ जबलपुर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में सुनवाई का मौका नहीं मिल पा रहा है। पीएससी लगातार प्रयास कर रहा है कि अपना पक्ष रख कर मेंस करवाने की अनुमति मांग ले। लेकिन सुनवाई नहीं हो पा रही है। अब तक आठ तारीखें जा चुकी है और अब अप्रैल माह में नौवीं का इंतजार है। लेकिन सवाल कायम है कि एग्जाम की अनुमति मिलेगी या नहीं। अभ्यर्थी कह रहे हैं कि ये इंतजार कब खत्म होगा?वैसे राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 को अब अप्रैल से उम्मीद है।

**ये इंतजार कब खत्म होगा**

**राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 को अब अप्रैल से उम्मीद**

### कहां, कैसे और कब से उलझे हैं अभ्यर्थी?

जानकारी के अनुसार 4694 अभ्यर्थी बुरी तरह उलझ गए हैं। इन्हीं का चयन मुख्य परीक्षा के लिए हो चुका था। लेकिन पिछले साल नौ से 14 जून तक होने वाली यह एग्जाम जो अटकी कि अब तक पते नहीं है। अभ्यर्थियों के सामने अब उलझन यह है कि वे मेंस की तैयारी करें या 2026 की प्रारंभिक परीक्षा की। क्योंकि, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026, 16 अप्रैल को होना है। 2025 की मेंस में चयनित ज्यादातर अभ्यर्थियों ने 26 की मेंस के लिए अप्लाय किया है।

### एक परेशानी यह भी, आगे कैसे सुलझेगा मामला

एक बड़ी बात यह भी है कि सितंबर में ही 2026 की मेंस भी होना है। 26 अप्रैल को प्री देते ही अभ्यर्थियों को मेंस की तैयारी में भी जुटना होगा।पीएससी की राज्य सेवा परीक्षा में अब हर साल करीब सवा लाख या उससे कुछ ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। 60 फीसदी अभ्यर्थी वे होते हैं जो हर साल राज्य सेवा परीक्षा देते हैं, क्योंकि पद अब 200 से कम होते हैं।

### ठीक एक माह बाद प्री, उसके रिजल्ट से पहले पद बढ़ेंगे

2026 की प्री परीक्षा में 1 लाख 33 हजार अभ्यर्थी बैठेंगे। यह 26 अप्रैल को होगी। लेकिन मुख्य परीक्षा के लिए सिर्फ 3000 का चयन होगा। एक-एक पद के लिए 860 दावेदार हैं। वहीं राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 के लिए भी एक पद पर तीन गुना 20 गुना उम्मीदवारों में मुकाबला है। क्योंकि 158 पदों के लिए 4694 अभ्यर्थी एग्जाम देंगे। 87 फीसदी हिस्से में 3866 तथा 13 प्रतिशत में 828 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था।

# वार्ड 14 में सुविधा नगर के रहवासियों को मिलेगी बगीचे की सुविधा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा एक में वार्ड क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले सुविधा नगर में मेहताजी वाली गली के रहवासी परिवारों को पहली बार नए बगीचे की सुविधा मिलने वाली है। जिसके लिए निगम ने यहां के रहवासियों की मांग पर क्षेत्र में खाली पड़ी बगीचे के लिए आरक्षित जमीन पर चारों और मजबूत सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाकर बगीचा निर्माण का श्री गणेश करने के लिए तैयारी भी शुरू कर दी है। यही नहीं इसके अलावा चार दीवारी का काम पूरा होने के बाद इस नए बगीचे में हरियाली और सुंदरता के लिए एक से बढ़कर एक खूबसूरत पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। साथी लाखों रुपए खर्च कर वर्षों से खाली पड़ी जमीन पर अब क्षेत्र के रहवासियों के लिए पहली बार नए बगीचे का निर्माण किया जाएगा।

खास बात यह है कि इस नवीन बगीचे में आने वाले दिनों में बेहद जल्द सुविधा नगर के रहवासी परिवारों को नए बगीचे के निर्माण के तहत लंबे चौड़े



आकर्षक वाकिंग ट्रेक की सौगात भी मिलेगी। जहां सुबह और शाम गर्मी के मौसम में लोग आसानी से नए वाकिंग ट्रेक पर घूम सकेंगे। वहीं इसके लिए निगम ने अपनी ओर से तैयारी पूरी कर ली है। जिसके तहत पहले चरण में सुविधा नगर के रहवासियों को खाली जमीन पर चारों और मजबूत बाउंड्रीवॉल बनाकर सुरक्षा की सुविधा मिलेगी। एक्यूप्रेशर वाले आकर्षक दिखने वाले रंगीन पेपर ब्लॉक से लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक बनेगा। जिस पर क्षेत्र के रहवासी सुबह और शाम दोनों समय घूम सकेंगे। इसके अलावा स्वस्थ और फिट रहने के लिए यहां लोग जागिंग और कसरत भी कर पाएंगे इसके लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगवाने की भी तैयारी है। यही नहीं बड़ी बात यह है कि घर के नजदीक बनने वाले नए बगीचे में कॉलोनी के सीनियर सिटीजन बैठने के लिए 10 से ज्यादा रंगीन बैंचों की सौगात मिलेगी। वही बच्चों के मनोरंजन के लिए यहां के बगीचे में खेलकूद के नए साजों सामान भी लगाए जाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से फिसल पट्टी, झूले और चकरी के साथ अन्य एक से बढ़कर एक खूबसूरत मनोरंजन के साधन जुटाए जाएंगे। निगम अधिकारियों का कहना है कि बारिश से पहले यहां जल्द काम शुरू हो जाएगा ताकि इसी साल क्षेत्र के रहवासियों को अपने घर के नजदीक नए बगीचे की सौगात मिल जाए।

## संपादकीय

# टिकट रद्द करें और अपना पैसा भी गंवाएं; रेलवे के नए नियम पर उठे सवाल

राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी। कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द कराने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े? यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है। रेलगाड़ियों में किफायती और सुरक्षित खान-पान के अभाव से लेकर साफ-सफाई की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

# शराब पीने से मना किया तो पति ने पत्नी पर गरम तवे से किया हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित अमरापुरी कॉलोनी में घरेलू हिंसा का एक मामला सामने आया है। नशे में धुत एक पति ने अपनी पत्नी पर जलते चूल्हे से गरम तवा उठाकर हमला कर दिया। इस हमले में महिला का हाथ बुरी तरह झुलस गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अमरापुरी कॉलोनी निवासी पप्पी केवट ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पप्पी ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे वह रसोई में खाना बना रही थी, तभी उसका पति जीवन केवट अत्यधिक शराब के नशे में घर पहुँचा। जब पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया और समझाने की कोशिश की, तो जीवन आगबबूला हो गया और अश्लील गालियां देने लगा।विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी जीवन ने आपा खो दिया और चूल्हे पर रखा गरम तवा उठाकर सीधे पत्नी के बाएं हाथ पर चिपका दिया। गरम तवे के संपर्क में आते ही महिला का हाथ जल गया और वह दर्द से चिल्लाने लगी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति अक्सर उस पर चरित्र शंका करता है और आए दिन मारपीट कर उसे व उसके दोनों मासूम बच्चों को घर से बाहर निकाल देता है।

# नशा मुक्ति केंद्र के विरोध पर भड़का संचालक घर में घुसकर रहवासी और उसकी पत्नी से की मारपीट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित फोनिक्स टाउनशिप में एक नशा मुक्ति केंद्र के संचालन को लेकर उपजा विवाद हिंसक हो गया। केंद्र संचालक ने अपने साथी के साथ मिलकर एक रहवासी के घर के बाहर गाली-गलौज की और विरोध करने पर पति-पत्नी के साथ मारपीट व झूमाझटकी की। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फोनिक्स टाउनशिप निवासी दिनेश पिता रामचंद्र सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके ही पड़ोस में रहने वाला आरोपी प्रदीप मुखर्जी अचानक उनके घर के बाहर पहुँचा। प्रदीप ने चिल्लाते हुए दिनेश से कहा कि तुमको मेरे नशा मुक्ति केंद्र से बहुत ज्यादा दिक्कत है और इसी बात को लेकर गालियां देने लगा।जब दिनेश ने गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी प्रदीप मुखर्जी और उसके एक साथी ने आव देखा न ताव और दिनेश पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब दिनेश की पत्नी रानू ठाकुर बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बदतमीजी और झूमाझटकी की।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान प्रदीप का साथी हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर उन्हें मारने के लिए दौड़ा। आस-पास के लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी ने युवक को डंडे से पीटा

**इन्दौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित छोटा बागड़दा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। अपने घर के आंगन में बात कर रहे युवक पर उसके पड़ोसी ने अचानक लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, छोटा बागड़दा निवासी देवीलाल पिता काशीराम गुनावदिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने घर के आंगन में अपने सेठ पवन दुबारिया से किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला तनिष उर्फ जीतू बामनिया वहां पहुँचा और पुरानी किसी बात को लेकर देवीलाल को गालियां देने लगा।जब देवीलाल ने तनिष को गाली देने से मना किया और शांति बनाए रखने को कहा, तो आरोपी तनिष और अधिक भड़क गया। वह पास ही पड़ा लकड़ी का डंडा उठा लाया और देवीलाल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में देवीलाल के सिर और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला।

# कचरा गाड़ी हटाने को लेकर विवाद, परिवार को पीटा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

## डंडे और बेल्ट से किया हमला

हीरानगर थाना क्षेत्र के भाग्य लक्ष्मी कॉलोनी में रास्ते में खड़ी कचरा गाड़ी को हटाने की बात पर शुरू हुई कहासुनी के बाद चार आरोपियों ने एक युवक और उसके पूरे परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में डंडे और बेल्ट का भी इस्तेमाल किया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है।

### गैस सिलेंडर लेकर घर जा रहा था युवक

पुलिस के मुताबिक, भाग्य लक्ष्मी कॉलोनी निवासी विशाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गैस सिलेंडर लेकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में कचरा गाड़ी खड़ी होने के कारण उसका निकलना मुश्किल हो रहा था, जिस पर उसने चालक से गाड़ी थोड़ी साइड करने को कहा। इसी दौरान वहां मौजूद पवन चौहान ने बिना वजह हस्तक्षेप किया और विशाल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद बढ़ने पर पवन ने विशाल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पवन के रिश्तेदार चिन्टू चौहान, सागर और सूर्जपाल चौहान भी मौके पर पहुँच गए। जब विशाल के माता जनक लाली पिता मोजीराम और भाई विपुल व विमल बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। आरोपियो ने डंडे और बेल्ट से परिवार के सदस्यों को बेरहमी से पीटा।

# मोबाइल नहीं दिया तो दांतों से काट लिया युवक का अंगूठा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन मांगने को लेकर उपजा मामूली विवाद इस कदर हिंसक हो गया कि आरोपियों ने एक युवक के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उसके हाथ का अंगूठा भी दांतों से काट लिया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर दो सगे भाइयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नंदन नगर निवासी नासिर खान ने शिकायत दर्ज कराई है कि घटना बीती सुबह करीब 11:30 बजे की है। नासिर जब क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी आरोपी ईस्माइल ने उसे रोका और बात करने के लिए मोबाइल फोन मांगा। नासिर ने जब यह कहकर मना किया कि उसके फोन में बैलेंस नहीं है, तो ईस्माइल आपा खो बैठा और गालियां देने लगा।विवाद बढ़ते ही ईस्माइल का भाई मोनूभी मौके पर पहुँच गया। दोनों भाइयों ने मिलकर नासिर के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ईस्माइल ने नासिर के दाहिने हाथ के अंगूठे को अपने दांतों से जोर से काट लिया। हमले में नासिर का अंगूठा बुरी तरह जख्मी हो गया।

# वेस्ट से आर्ट, टैलेंट से पहचान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के विभिन्न चौराहों और उद्यानों में कलाकृतियां निगम लगवाएगा, उसके लिए वेस्ट से आर्ट, टैलेंट से पहचान थीम पर आरआरआर टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इनमें 29 से अधिक कलाकृतियां का निर्माण भी किया गया। निगम आयुक्त ने चयनित प्रतिभागियों का सम्मान भी किया और जल बचाने की शपथ भी ली गई।

# केवड़ेश्वर में बनेगा नया घाट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** केवड़ेश्वर धाम स्थित माँ शिप्रा के मुख्य उदगम स्थल पर बनने वाले नए घाट का भूमिपूजन आज किया जा रहा है। इस विकास कार्य की लागत 494.87 लाख रुपये की बताई गई है। राजनेता, साधु-संत कार्यक्रम स्थल केवड़ेश्वर धाम राजधारा के समीप पहुंच चुके हैं

# मुक्तिधाम में अब लोगों को नहीं रहेगी समस्याएं



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वार्ड क्रमांक 36 के निपानिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माया खेड़ी मुक्तिधाम में अब क्षेत्र के लोगों को समस्याओं से जल्द मुक्ति मिलने वाली है। निगम ने यहां लाखों रुपए खर्चकर मुक्तिधाम के अधूरे विकास को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत आने वाले दिनों में यहां क्षेत्र के लोगों की मांग पर लाखों रुपए खर्च कर निगम शोक सभा के लिए बड़ा हॉल का निर्माण शुरू करेगा। इसके अलावा मुक्तिधाम में आवश्यक सिविल के अन्य कार्य भी किए जाएंगे। साथ यहां क्रियाकर्म की अंतिम विधियां पूरी करने आने वाले लोगों के नहाने और शौच करने के लिए भी नवीन शौचालय की सुविधा भी दी जाएगी। जिसके लिए निगम द्वारा अपनी ओर से निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यही नहीं अब आने वाले दिनों में निगम द्वारा जल्द यहां बैठक व्यवस्था करने के साथ अन्य आवश्यक सिविल कार्य भी पूरे कर मुक्तिधाम का विकास किया जाएगा। साथ ही यहां आने वाले लोगों की मांग और आवश्यकता अनुसार सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत मुक्तिधाम में सौंदर्यकरण और हरियाली को लेकर भी कई काम एक साथ शुरू किए जाएंगे। जिससे यहां आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था और शोकसभा के लिए बड़ा हाल का निर्माण भी किया जाएगा ताकि लोगों को यहां किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# रीसेल में एक लाख रुपये तक बिक रहे आईपीएल के टिकट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की शुरुआत शनिवार 28 मार्च से होनी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सीजन का पहला मुकाबला होगा। अभी शुरुआती 20 मैचों का ही शेड्यूल घोषित हुआ है। इन मैचों के टिकट की बिक्री भी शुरू हो गई है। सेल पर आते ही टिकट सोल्ड आउट हो गए। काफी संख्या में फैंस को टिकट नहीं मिल पाए।

इस बीच कई जगह सोल्ड आउट मैचों के टिकट कहीं ज्यादा कीमत पर बिक रहे हैं। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी के घरेलू मैचों के टिकट की ब्रिकी 24 मार्च को शाम 4 बजे शुरू हुई। एक मिनट से भी कम में टिकट सोल्ड आउट हो गए। वहीं मुंबई इंडियंस के प्रमुख घरेलू मैचों के टिकट भी तेजी से बिक गए।

मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर होना है। टीम की टक्कर अजिंक्य रहाणे की कोलकाता नाइट राइडर्स से होनी है। इस मैच की टिकट रीसेल में 6500 से 50 हजार तक की बिक रही हैं। वहीं मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने वाले मैच के टिकट की रीसेल में शुरुआती कीमत 15 हजार हैं। वहीं सबसे महंगी टिकट एक लाख रुपये तक की है। 12 अप्रैल को मुंबई और आरसीबी का मुकाबला होना है।

आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला 28 मार्च को खेला जाएगा। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से है। अभी बीसीसीआई ने 12 अप्रैल तक का ही शेड्यूल जारी किया था। कई राज्यों में विधानसभा चुनाव है। इसकी वजह से पूरा शेड्यूल घोषित नहीं हुआ है। बीसीसीआई जल्द ही बचे हुए मैचों का शेड्यूल जारी कर देगी।

# आरबीसीएफ ने जीती अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में देव्ज एकेडमी द्वारा आयोजित एवं मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित मोयरा कप अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मैच श्रीराम स्पोर्ट्स एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 7 विकेट खोकर 239 रन बनाए । सौरिश चेनानी ने 77 रन, आर्यमन मेहता ने 55 रन एवं देवांश सोनी ने 40 रनों का योगदान दिया । अवनिश, अक्षत एवं कार्तिकेय ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम 34 ओवरों में 85 रनों पर सिमट गई और यह मैच 154 रनों के विशाल अंतर से हार गई इस तरह आरबीसीएफ को विजेता होने का गौरव हासिल हुआ । आराध्य कोली ने 4 विकेट एवं सारांश सुद ने 2 विकेट लिए । आरबीसीएफ की इस खिताबी सफलता पर खिलाड़ियों एवं टीम के कोच संजय चौबे को आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयनमेन संजय लुणावत, सचिव देवाशीष निलोसे, पूर्व सचिव अमिताभ विजयवर्गीय एवं समस्त पदाधिकारियों तथा आईडीसीए के ही मैनेजर क्रिकेट ऑपरेशन सुधीर रसाल एवं जयंत वानखेडे द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# मध्यप्रदेश फास्ट5 जूनियर नेटबॉल टीम की घोषणा

**इंदौर।** भारतीय नेटबॉल संघ के तत्वाधान में उत्तरप्रदेश नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा चौथा फास्ट 5 जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता 27 से 29 मार्च तक श्री प्यारेजी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी, जौला, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम प्रतिनिधित्व करेगी इस टीम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष मयंक द्विवेदी ने की उक्त जानकारी सचिव लक्ष्मण दातीर ने दी। इन सभी खिलाड़ीयों एंव कोच को गोविद सिंह बघेल, राजेश सोनी, मनोज फनसे, माखन मडले, डॉ. मनीष जायसवाल, धनश्याम करोले, जतिन थोरात, राजेश महंत, अभिषेक मुकाती, सुमित खिंची, प्रणव भोंडवे ने बधाई दी।

## टीम की सूची निम्नानुसार है

**बालक टीम** : प्रशानंत पाडे (कप्तान), वैभव कुशवाह, अभिनय कुमार, आराध्य पंडित, चिरनजिवी धनगर, प्रियांशु सिंह, विराज सिंह, आयुश पटेल, जतिन, निशांत अग्रवाल। कोचः राहुल चौहान, मैनेजरः सार्थक केटवास।

**बालिका टीमः** प्रियशी परमार (कप्तान), नेहा राठोर, भुम्मी गोडके, मान्यता, आयुशी, लावन्या चौहान, कुमकुम पाटीदार, अश्विनी पाटिल, खुशी यादव, नेहा। कोचः संगीता निगवाल, मेनेजरः अमन पटेल।

# आर्य बम और ओमिशा मेहता को दोहरी सफलता

## अदविक, अर्णव, याशि, मायरा, दिव्या और अवयुक्त को भी खिताब

**इंदौर।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दूसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा में ओमिशा मेहता और आर्य बम ने दोहरी सफलता हासिल की । याशि भुमार्कर ने 9 वर्ष, मायरा भुमार्कर ने 11 वर्ष, ओमिशा मेहता ने 13 और 15 वर्ष एवं दिव्या गुर्जर ने 17 वर्ष बालिका खिताब जीता । अदविक सोलंकी ने 11वर्ष, अर्णव गौर ने 13 वर्ष एवं आर्य बम ने 15 और 17 वर्ष बालक एकल के खिताब जीते । अवयुक्त गुलहाटी 9 वर्ष आयु वर्ग में अव्वल रहे । बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ) उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया ।




अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हुई स्पर्धा में शटलर्स हब के आर्य बम ने 17 वर्ष बालक एकल फाइनल में ओलम्पस के अनय कृष्ण बिंजु को 15-21, 21-12, 21-11 से हराया । आर्य बम ने 15वर्ष बालक वर्ग में अक्षत सिन्हा को 21-10, 21-6 से आसानी से पराजित किया । न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल की ओमिशा मेहता ने ड्यूक की आरिशा जायसवाल को 13वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में 21-9, 21-8 से और 15वर्ष बालिका फाइनल में 21-8, 21-14 से हराया, 9वर्ष बालिका वर्ग में याशि भुमार्कर ने पहले क्रम की किआरा दासगुप्ता को 15-8,7-15,15-11 से हराकर उलटफेर किया। याशि की बडी बहन मायरा भुमार्कर ने 11वर्ष बालिका फाइनल में किआरा दासगुप्ता को 15-8, 13-15, 15-14 से हराया । 17वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में दिव्या गुर्जर ने वैष्णवी मिश्रा को 21-7, 21-8 से पराजित किया । 13वर्ष बालक एकल फाइनल में अर्णव गौर ने आरुष आर्य को 23-21, 21-13 से हराया। 11वर्ष बालक एकल फाइनल में अदविक सोलंकी ने प्रनमय तारे को 21-10,21-17 से पराजित किया । 9वर्ष आयु वर्ग में एरेना के अवयुक्त गुलहाटी ने याशि भुमार्कर को 15-7,15-8 से हराया। अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी की काश्वी कुशवाह ने नयोनिका नरवले को 15-9, 15-9 से हराकर 9वर्ष बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 और 17 वर्ष बालिका में सरताज अकादमी की नायशा पुरोहित, 13 वर्ष बालिका में आध्या तलाटी एवं 11वर्ष बालिका में ओलम्पस की दिवा गुलाटी तीसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान के मुकाबले में 11वर्ष बालक वर्ग में जसराज सिंह छाबड़ा ने निश्चय कुशवाह को 15-13,15-7 से और 13वर्ष बालक एकल में अरेना के अरिंजय कृष्ण बिंजु ने अदविक सोलंकी को 15-9,15-14 से हराया। 15 वर्ष बालक एकल में आरुष आर्य ने शिवांश शर्मा को 15-8,15-10 से और 17 वर्ष बालक एकल में आर्जव मरघदे ने हार्दिक धुलिये को 15-8, 15-12 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ) उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया। हर्ष सरग ने संचालन किया। विजेता और उपविजेता के साथ ही तीसरे स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।



# चंचल की शतकीय पारी से इंदौर संभाग की शानदार जीत

**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय माधवराव सिंधिया एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं जबलपुर संभाग के मध्य ग्वालियर में खेले गए मैच में इंदौर संभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट खोकर 352 रन बनाए । चंचल राठौर ने 128 गेंदो पर 16 चौके व 4 छक्कों की मदद से 158 रन, हर्ष गवली ने 95 रन एवं अंश यादव ने 35 रन बनाए। प्रयुश, नितेश व कमल ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में जबलपुर संभाग की टीम 238 रनों पर सिमट गई और यह मैच 114 रनों से हार गई। अथर्व जोशी ने 53 रन, वरूण तिवारी ने 42 एवं अंचित ठाकुर ने 43 रन बनाए। शूभम शर्मा व आकाश राजवत ने 3-3 विकेट लिए ।

# क्रांति कृपलानी नगर में लास्ट वाले हिस्से की क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय मिलेगी नई सड़क की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जोन क्रमांक 21 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 81 में क्रांति कृपलानी नगर में पीछे की ओर स्थित अंतिम छोर वाले हिस्से में लंबे समय से क्षतिग्रस्त गलियों में अब आने वाले दिनों में निगम लाखों रुपए खर्च का नई सीमेंट सड़क का निर्माण शुरू करेगा। निगम ने तैयारी भी शुरू कर दी है। निगम द्वारा यहां की अधूरी सड़क पूरी करने के लिए तीसरी बार प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके तहत यहां निगम लगभग 25 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सालों पुरानी क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय अब बारिश का सीजन शुरू होने से पहले यहां नहीं चमचमाती सीमेंटेड सड़क बनाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है।



## शुरू की सड़क ठीक ,आखिरी की सड़क में गड़बड़

दरअसल वार्ड 81 के अंतर्गत आने वाले क्रांति कृपलानी नगर में शुरुआत की सड़क तो ठीक बनी है। लेकिन आसपास के रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी का अंतिम छोर में कुछ गलियों और बड़े हिस्से में लाइन डालने के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसके कारण बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। क्षेत्र के निवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे। जिसके बाद लगातार क्षेत्र के प्रतिनिधियों के प्रयास से अब बेहद जल्द बारिश का मौसम शुरू होने से पहले यहां लोगों को नई चमचमाती सिमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेंगी।

# आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा



**लखनऊ।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 27 करोड़ की कीमत पर बिकने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के लिए दबाव बढ़ गया है। पिछला सीजन ऋषभ पंत के लिए बल्ले और कप्तानी दोनों से औसत रहा था। आईपीएल 2026 में उनसे सभी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि लीग के 19वें संस्करण के शुरू होने से पहले फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत पर अपने बयान से प्रदर्शन का दवाब और बढ़ा दिया है।

आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने सीधे शब्दों में कहा है कि टीम को अगर सम्मान पाना है तो प्लेऑफ तक पहुंचना ही काफी नहीं है, बल्कि अब ट्रॉफी जीतनी होगी और प्रदर्शन करके देना होगा। गोयनका ने कहा कि फ्रेंचाइजी अभी भी अपनी पहचान बना रही है और लीग में सफलता का माप केवल निरंतरता के बजाय ट्रॉफियों से किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि असली पहचान अभी भी विकसित हो रही है। किसी भी खेल टीम के लिए जब तक आप जीत नहीं जाते, तब तक आपको ट्रॉफी उठाने के साथ मिलने वाला सम्मान और प्रेम नहीं मिलता। उन्होंने अपनी टीम के सकारात्मक पहलू पर बात करते हुए बता दिया कि टीम को किस चीज से सम्मान मिलता है। उन्होंने बताया कि हमम दो बार प्लेऑफ में पहुंचे हैं, लेकिन सिर्फ इतना ही पर्याप्त नहीं है। गोयनका ने कहा कि हां, हम दो बार प्लेऑफ़ में पहुंचे हैं, लेकिन यह बिल्कुल पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि आप कभी जीतते हैं, कभी हारते हैं, लेकिन हमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतनी ही होगी।

गोयनका ने अपनी टीम के सकारात्मक पहलुओं और नए खिलाड़ियों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2025 में हमारे प्रमुख गेंदबाज चोटिल थे उसके बाद भी हमने अच्छा प्रदर्शन किया था। गोयनका ने बीते साल सलामी बल्लेबाज मिच मॉश और एडेन मार्करम के शानदार प्रदर्शन पर प्रकाश डाला और दिग्वेश राठी को भी उभरता हुआ क्रिकेटर बताया। उन्होंने कहा कि आईपीएल 2026 में हमें अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना है और टीम संतुलन को देखना है। टीम को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर निर्भर रहने के बजाय एक टीम के रूप में परफॉर्म करना होगा।

बता दें कि ऋषभ पंत की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल 2026 में 1 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद टीम का अगला मैच 5 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ है। इसके बाद टीम 9 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ और 11 अप्रैल को गुजरात जायंट्स के साथ भिड़ेगी।



## प्रेस कॉन्फ्रेंस चल रही थी और अफरीदी कर रहे थे गपशप, भड़के वार्नर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें सीजन की शुरुआत से पहले हुई कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक अजीबोगरीब घटना देखने को मिली। कराची किंग्स के नए कप्तान और दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पाकिस्तानी खिलाड़ियों के गैर-पेशेवर व्यवहार पर बुरी तरह भड़क गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब वॉर्नर एक सवाल का जवाब दे रहे थे तब शाहीन अफरीदी , मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील आपस में बातचीत में मशगूल थे जिससे वॉर्नर का पारा चढ़ गया।

### वॉर्नर हो गए नाराज

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वॉर्नर इन खिलाड़ियों को सरेआम टोकते और स्कूली बच्चे कहते नजर आ रहे हैं। वॉर्नर को शाहीन और अन्य कप्तानों पर इतना गुस्सा आया कि उन्होंने बीच में ही अपनी बात रोककर उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ा दिया।

अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए डेविड वॉर्नर ने तीखे शब्दों में कहा, क्या दिक्कत है जेंटलमैन? माफी चाहता हूं, लेकिन लगता है हमारे बीच यहां कुछ स्कूली बच्चे बैठे हैं।

दरअसल, जिस वक्त वॉर्नर जवाब दे रहे थे उस वक्त शाहीन अफरीदी अपने साथी कप्तानों सऊद शकील, रिजवान और मार्नस लाबुशेन के साथ गप्पें मार रहे थे। वॉर्नर ने सीधे तौर पर पाकिस्तान के वनडे कप्तान शाहीन को निशाने पर लिया और उन्हें तमीज सिखाई।

पीएसएल 2026 में डेविड वॉर्नर कराची किंग्स की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल यानी 2025 में इस लीग में डेब्यू किया था और 11 मैचों में 368 रन बनाए थे। उनकी कप्तानी में कराची पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन एलिमिनेटर मुकाबले में लाहौर कलंदर्स के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## पत्नी के साथ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे कुलदीप यादव, लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव अपनी पत्नी वंशिका चड्ढा के साथ वृन्दावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंचे। शादी के बाद क्रिकेटर पहली बार वृन्दावन आए, जहां उन्होंने भगवान् को 56 भोग अर्पित किए। कुलदीप यादव आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं, वह जल्द अपनी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ जाएंगे। कुलदीप यादव की शादी इसी महीने 14 तारीख को हुई थी। उन्होंने अपने बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा के साथ मसूरी में साथ फेरे लिए थे। कुलदीप की शादी में कई क्रिकेटर्स गए थे। शादी के बाद 17 मार्च को कुलदीप-वंशिका की रिसेप्शन पार्टी हुई, इसमें भी कई वीआईपी गेस्ट आए थे। कुलदीप और वंशिका शाम 7 बजे के करीब श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने पूजा की और नव विवाहित जीवन की शुरुबात ठाकुर बांके बिहारी जी का आशीर्वाद लेकर की। बांके बिहारी मंदिर सेवायत गोस्वामी ने माला, दुपट्टा, प्रसाद देकर किया उनका स्वागत किया। कुलदीप यादव पहले कई बार वृन्दावन आ चुके हैं, लेकिन शादी के बाद पहली बार अपनी पत्नी वंशिका के साथ आए। कुलदीप की शादी मसूरी में हुई थी, जहां पंडित धीरेन्द्र शास्त्री भी गए थे।

## पहले दिन कर्नाटक का जलवा, धनीश और अंजलि ने जीते स्वर्ण

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले दिन तैराकी स्पर्धाओं में कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम किया, जबकि ओडिशा और मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में कर्नाटक के धनीश एन और महिला वर्ग में ओडिशा की अंजलि मुंडा ने स्वर्ण पदक जीतकर टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। धनीश ने 2:03.55 सेकंड का समय निकालते हुए अपने ही राज्य के खिलाड़ी को बड़े अंतर से पीछे छोड़ा, जबकि अंजलि ने बेहद करीबी मुकाबले में जीत दर्ज की।

# एसआरएच के लिए इतने ही मैच खेल पाएंगे पैट कमिंस





**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 के आगाज से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। टीम के कप्तान पैट कमिंस अपनी टीम के साथ तो जुड़ गए हैं लेकिन वह टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कमिंस अभी भी अपनी बैक इंजरी से जूझ रहे हैं और उन्होंने बताया है कि वह सीजन के पहले हाफ में मैदान पर नजर नहीं आएंगे।

### पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे कमिंस

पैट कमिंस ने अपनी फिटनेस को लेकर स्थिति साफ कर दी है। उन्होंने बताया कि वह फिलहाल नेट सेशन में गेंदबाजी शुरू कर चुके हैं लेकिन पूरी तरह मैच फिट होने में अभी वक्त लगेगा। उन्होंने एक खास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी नजरें टूर्नामेंट के दूसरे हिस्से पर टिकी हैं।

अपनी वापसी पर बात करते हुए पैट कमिंस ने कहा, मैं अभी भी पीठ की चोट से उबर रहा हूं लेकिन सुधार हो रहा है। मैंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है। आईपीएल जल्द शुरू हो रहा है और मैं इसके शुरुआती मैचों का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा लेकिन उम्मीद है कि मुझे वापसी करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

कमिंस ने आगे स्पष्ट किया कि वह कब तक मैदान पर लौट सकते हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल मैं हर तीसरे दिन गेंदबाजी कर रहा हूं। हमने एक प्लान बनाया है ताकि मैं टूर्नामेंट के बीच तक पूरी तरह फिट हो जाऊं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो मैं सीजन का दूसरा हाफ और नॉकआउट (फाइनल्स) खेलूंगा।

कमिंस की गैरमौजूदगी में सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन को टीम की कमान सौंपी है। ईशान पहली बार आईपीएल में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। हाल ही में अपनी कप्तानी में झारखंड को 2025-26 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने वाले ईशान इस समय जबरदस्त फॉर्म में हैं। टीम ने अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सनराइजर्स हैदराबाद अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम 2 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स और 5 अप्रैल को अपने घर में लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी।

# पृथ्वी करना चाहते हैं टीम इंडिया में वापसी, बहा रहे हैं जमकर पसीना



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी कर रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने कहा कि वह भारतीय टीम में वापसी के लिए पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। शॉ ने पिछली बार जुलाई 2021 में श्रीलंका दौरे में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद उन्हें चोट, खराब लय और मैदान के बाहर की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का मौका नहीं मिला। आईपीएल 2025 की नीलामी में उनके नाम पर किसी भी फ्रेंचाइजी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वापसी कर अपने प्रयास जारी रखे।

मुंबई के इस बल्लेबाज ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार आगाज किया था। वह टेस्ट में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसके बाद उनका करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा।

शॉ ने कहा, मुझे लगता है यही वजह है कि मैं खेल रहा हूं। इसमें कोई संदेह नहीं कि मुझे भारतीय टीम में वापसी करनी है। इसलिए मैं बहुत मेहनत कर रहा हूं। जितनी मेहनत मैं पहले करता था, आज मैं उसका तीन गुना कर रहा हूं।

नीलामी में 75 लाख रुपये में खरीदे जाने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के साथ लौटे शॉ इस आईपीएल को अपने करियर में एक नए सिरे से शुरुआत मान रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा एक नई शुरुआत होती है। कई यादें हैं, लेकिन अब वे इतिहास बन चुकी हैं। यह नया सत्र है और यहां नए खिलाड़ी हैं। मैं पिछले साल यहां नहीं था, अब फिर शामिल हो रहा हूं। मैं हमेशा खुद पर विश्वास करता रहा हूं। मेरे परिवार ने मेरा समर्थन किया है। मैं ज्यादा नहीं सोचने वाला इंसान हूं। मेरे लिए सिर्फ मौजूदा समय मायने रखता है। शीर्ष क्रम में केएल राहुल जैसे खिलाड़ी की मौजूदगी में शॉ के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने इस बारे में नहीं सोचा। अगर केएल (राहुल) पारी का आगाज कर रहे हैं, तो उनके साथ जो भी सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाता है, उसे अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।





# खौफनाक वारदात... इन्फोसिस महिला इंजीनियर को कार से कुचलकर मौत के घाट उतारा

## पेंट हाउस विवाद में पिता-पुत्र ने रहवासियों पर चढ़ाई कार



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित सागर टाउनशिप में बुधवार रात एक मामूली विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। एयरबीएनबी के जरिए कमरे किराए पर देने के विरोध से उपजे विवाद में पिता-पुत्र ने अपना आपा खो दिया और बिल्डिंग के रहवासियों पर जानबूझकर तेज रफ्तार कार चढ़ा दी। इस सनसनीखेज वारदात में इंफोसिस में कार्यरत एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हैं।

एसीपी पराग सैनी के अनुसार, घटना एमआर-11 स्थित शिव वाटिका समृद्धि एन्क्लेव की है। यहां रहने वाले आरोपी कुलदीप चौधरी और उसके बेटे मोहनीश ने बिल्डर मुकेश बाहेती से दो पेंटहाउस खरीदे थे। वे इन कमरों को एआईआरएनबी के माध्यम से बाहरी लोगों को किराए पर दे रहे थे। सोसाइटी के अन्य सदस्य सुरक्षा और निजता के लिहाज से इसका लगातार विरोध कर रहे थे। रविवार को स्थानीय पार्षद ने भी मौके पर पहुंचकर समझौता कराने की कोशिश की थी, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ।

### 13 दिन पहले आए खुशहाल परिवार की खुशियां उजड़ीं

बुधवार रात एक बार फिर इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पिता-पुत्र ने आव देखा न ताव और अपनी कार स्टार्ट कर सामने खड़े रहवासियों को कुचलते हुए निकल गए। कार का पहिया पेट पर चढ़ने से इंफोसिस इंजीनियर शंपा पाठक (पांडे) की मौके पर ही मौत हो गई।शंपा अपने पति सौरभ और दो छोटे बच्चों के साथ महज 13 मार्च को ही इस बिल्डिंग में रहने आई थीं। किसी ने नहीं सोचा था कि महज 13 दिन बाद ही यह हँसता-खेलता परिवार उजड़ जाएगा।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, आरोपी पुलिस हिरासत में

हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनमें कार रहवासियों को बेरहमी से रौंदते हुए साफ नजर आ रही है। लसूड़िया पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए देर रात ही दोनों आरोपियों कुलदीप और मोहनीश को हिरासत में ले लिया है।

# चोरल में खेत के विवाद में चाचा की हत्या

## भतीजे और बहू ने पत्थर पर पटककर उतारा मौत के घाट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित चोरल में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। खेत में मवेशी घुसने के मामूली विवाद में एक भतीजे और उसकी पत्नी ने मिलकर अपने ही सगे चाचा की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले के दौरान जमीन पर गिरने और गंभीर चोट आने के कारण घायल चाचा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अब हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। मृतक की पहचान सूरज कौशल (46) निवासी चोरल के रूप में हुई है। सूरज के खेत के ठीक बगल में ही उनके भतीजे अभिषेक का खेत है। घटना दो दिन पहले की है, जब मवेशियों के एक-दूसरे के खेत में घुस जाने की बात को लेकर चाचा और भतीजे के बीच तीखी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि अभिषेक और उसकी पत्नी पायल कौशल ने सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के दौरान आरोपियों ने सूरज को धक्का दिया, जिससे वे पास ही पड़े एक बड़े पत्थर पर जा गिरे। पत्थर से टकराने के कारण सूरज के सिर में अंदरूनी और गंभीर चोट आई। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल और फिर इंदौर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।शुरुआत में पुलिस ने मारपीट और अन्य धाराओं में शिकायत ली थी, लेकिन सूरज की मौत के बाद सिमरोल पुलिस ने मामले में हत्या की धारा का इजाफा किया है।

# ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी ले उड़े चोर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित गणेश धाम में अज्ञात बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर का ताला तोड़ा और आलमारी में रखे सोने-चांदी के भारी मात्रा में जेवरात व नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।**

पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से ग्राम पिपलियाखुर्द जिला खरगोन निवासी और वर्तमान में गणेश धाम में रहने वाले रितेश सिटोले के घर यह वारदात हुई। घटना 20 मार्च की दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। जब परिवार घर से बाहर था, तभी अज्ञात आरोपियों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और कमरे में रखी आलमारी के ताले चटका दिए। चोरों ने आलमारी की बारीकी से तलाशी ली और वहां रखे कीमती सामान को समेट लिया। चोरी गए सामान की सूची में दो सोने की चेन, बच्चों की सोने की बालियां,चार जोड़ी सोने के टॉप्स और एक जोड़ी अन्य सोने के आभूषण, एक चांदी का ब्रेसलेट और एक जोड़ी चांदी की पायल नकद राशि शामिल है।घटना के 5 दिन बाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस अब कालोनी और आस-पास के रास्तों पर लगे कैमरों की फुटेज देख रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# अभी भी ई-रिक्शा बेखौफ पहुंच रहे हैं राजवाड़ा पर

## सिटी बस पाल रही है नियम-कायदे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर विगत दिनों पुलिस ने सिटी बस और ई-रिक्शा के लिए प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया है। जब पुलिस की सख्ती होती है तब ई-रिक्शा यहां से नदारद हो जाते हैं और राजवाड़ा की गलियों में वे खड़े हो जाते हैं, जब पुलिस की कमजोरी दिखती है तब ई-रिक्शा वाले राजवाड़ा पर पहुंच जाते हैं, यह जरूर है कि सिटी बस राजवाड़ा नहीं पहुंच रही है, वे नियम कायदे पाल रही है, लेकिन ई-रिक्शा पुलिस के निर्देश को भी अनदेखा कर रहे हैं।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।